हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
नगर संस्करण
वर्षः 01,अंकः345
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

सिर्फ अपनी नही बल्कि
दुसरो की गलतियों से भी सीखो,
क्योंकि लक्ष्य बड़ा है और समय कम

## न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई होंगे देश के अगले सीजेआई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी जानकारी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। यह जानकारी केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, ÷भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाता, उनकी नियुक्ति 4 मई, 2025 से प्रभावी होगी। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने दस दिन का होगा और वे 23 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वे देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस के. जी. बालाकृष्णन इस पद पर आसीन रहे थे।

उच्चतम न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दी जानकारी के अनुसार, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ। उन्होंने 16 मार्च 1985 को वकालत की दुनिया में कदम रखा और शुरुआत में दिवंगत राजा एस. भोंसले, जो पूर्व महाधिवक्ता और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं, उनके साथ कार्य किया। वर्ष 1987 से 1990 तक उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय में स्वतंत्र वकालत की, और इसके बाद मुख्य रूप से नागपुर पीठ के समक्ष विभिन्न मामलों की पैरवी करते रहे। संवैधानिक और प्रशासनिक कानून उनके प्रमुख क्षेत्र रहे हैं। वे नागपुर नगर निगम, अमरावती नगर निगम और अमरावती विश्वविद्यालय के स्थायी वकील रहे हैं। इसके अलावा एसआईसीओएम, डीसीवीएल जैसे स्वायत्त निकायों और विदर्भ क्षेत्र की नगर परिषदों के लिए भी वे नियमित रूप से अदालत में पेश होते रहे। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक वे नागपुर पीठ में सहायक सरकारी वकील और अतिरिक्त लोक अभियोजक के तौर पर नियुक्त रहे। बाद में, 17 जनवरी 2000 को उन्हें सरकारी वकील और लोक अभियोजक नियुक्त किया गया।

## सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड की टीम का स्पेन-स्वीडन दौरा संपन्न, निवेश के कई प्रस्तावों पर बनी सहमति

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पेन और स्वीडन का नौ दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया। उनके साथ इस दौरे पर गई अधिकारियों की एक टीम रांची लौट आई, जबकि मुख्यमंत्री 30 अप्रैल को लौटेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया है कि इस विदेशी उद्यमियों और राजनयिकों के साथ हुई अलग-अलग बैठकों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, खेल, और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में निवेश के प्रस्तावों पर सकारात्मक सहमति बनी है। आने वाले महीनों में विदेशी उद्यमियों और कंपनियों के सहयोग से राज्य में कई




परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

स्वीडन के गोथेनबर्ग में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सोरेन ने 50 से अधिक उद्योगपतियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड में विनिर्माण, खनन, स्वच्छ ऊर्जा, और शहरी विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्वीडन में वॉल्वो ट्रक एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया, जहां वे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सड़क सुरक्षा में नवीनतम नवाचारों से अवगत हुए। उन्होंने अधिकारियों से झारखंड में ट्रक निर्माण इकाई स्थापित करने पर बात की। खनन कार्यों के लिए ट्रकों की आवश्यकता पर चर्चा हुई। बताया गया है कि वॉल्वो ने झारखंड की जरूरतों के अनुसार ट्रक बनाने में रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नोवार्गी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और झारखंड में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर संभावित सहयोग पर चर्चा की।

स्पेन दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सोरेन ने टेस्ला ग्रुप के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, जिन्होंने झारखंड में एक गीगाफैक्टरी स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। यह गीगाफैक्टरी वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी उत्पादों पर केंद्रित होगी।

इसके अलावा, उन्होंने फाइरा डी बार्सिलोना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें रांची में एक मेगा कन्वेंशन और ट्रेड एग्जीबिशन सेंटर विकसित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से भी मुलाकात की, जिसमें झारखंड में खेल विकास, कोचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## ध्वनि प्रदूषण रोक पर रांची छोड़ अन्य जिलों की नहीं दी रिपोर्ट, हाई कोर्ट नाराज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता,रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने पर्व त्योहारों पर ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर उठाये गये कदमों के बारे में जानकारी नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने सिर्फ रांची जिले में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए की गयी कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया है। अदालत ने बाकी जिलों के शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जताते हुए मौखिक रूप से कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया?



## एसीबी ने रिश्वत लेते पंचायत सचिव को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**पाकुड, एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को पंचायत सचिव वतन कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। वतन पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड के जमशेदपुर पंचायत का पंचायत सचिव है।

वतन को दुमका से आयी एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। एसीबी की टीम की इस कारवाई से सरकारी और अनुबंध कर्मियों में हड़कंप मंच गया है।

मौके पर एसीबी के अधिकारी ने बताया कि लाभुक सिंचाई कूप के निर्माण कार्य को लेकर एजेंट से 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था। इससे लाभुक तंग आकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो दुमका से कर दी। शिकायत के आधार पर एसीबी टीम ने जांच शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक पंचायत सचिव को रिश्वत की राशि देने के लिए सदर प्रखंड कार्यालय के निकट एक छोटे से होटल में बुलाया और वतन ने जैसे रिश्वत की 10 हजार रुपये की राशि ली एसीबी की टीम ने



उसे धर दबोचा। इसके बाद टीम ने पंचायत सचिव को बीडीओ कार्यालय में ले गयी और फिर सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे अपने साथ दुमका ले गयी। वहीं इस मामले में एसीबी टीम में शामिल अधिकारियों ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब छह मई को, आएंगे खड़गे




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**रांची।** रांची के पुराना विधानसभा मैदान में होगी। पूर्व में इस रैली की तिथि तीन मई को तय थी। रैली की तिथि में फेरबदल की जानकारी प्रदेश कांग्रेस के अध्येक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रैली में अखिल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे।महतो ने कहा की रैली के बाद प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक भी होगी। इसमें मल्लिकार्जुन और केसी वेणुगोपाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।कार्यसमिति में पहली बार आएंगे पार्टी के अध्यक्ष उन्होंने कहा कि यह झारखंड कांग्रेस के लिए खुशी की बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे। पार्टी के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सहित आम जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति राज्य की जनता जागरुक है। जनता संविधान की रक्षा की इस लड़ाई में पूरी तरह से हमारे साथ खड़ी है। कांग्रेस आम लोगों के अधिकारों का दमन नहीं होने देगी। संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी।मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की,जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर,मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, मुख्य प्रवक्ता किशोर शाहदेव और सोनाल शांति सहित अन्य मौजूद थे।

**यूजीएम कॉन्क्लेव :**

## हमारे लिए समय सीमित और लक्ष्य बड़े... पहलगाम अटैक पर आक्रोश के बीच पीएम ने दिया गहरा संदेश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 हिंदुओं के जनसंहार को लेकर देश में भड़के आक्रोश के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बेहद गहरा संदेश दिया है. पीएम ने मंगलवार को यूजीएम कॉन्क्लेव में युवाओं को संबोधित करते हुए देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए शिक्षा और तकनीक पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि समय सीमित है और लक्ष्य बहुत बड़े हैं. हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी यह बात मौजूदा स्थिति के बारे में नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने की उनकी सोच को दर्शाता है. पीएम ने शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने और युवाओं को 21वीं सदी की जरूरतों के लिए तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई ।

मोदी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था देश के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने में




महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. उनकी सरकार शिक्षा को आधुनिक और तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने मेक एआई वर्क फॉर इंडिया का नारा देते हुए कहा कि भारत को एआई और हर नई तकनीक में दुनिया का सबसे बेहतर देश बनाना है. इसके लिए जरूरी है कि शिक्षा व्यवस्था को 21वीं सदी की मांगों के हिसाब से ढाला जाए.

मोदी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी विचार को हकीकत में बदलने के लिए आइडिया से प्रोटोटाइप और फिर प्रोडक्ट तक की यात्रा को जल्द-से-जल्द पूरा करना होगा. उन्होंने टैलेंट, टेम्परामेंट, और टेक्नोलॉजी को भारत के भविष्य को बदलने वाली त्रिमूर्ति बताया. इन तीनों के सहयोग से ही भारत नई ऊंचाइयों को छू सकता है ।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल तकनीक का उपयोग करें, बल्कि इसे और बेहतर बनाने में योगदान दें. पीएम ने जोर दिया कि भारत को हर क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करना है, चाहे वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता हो, अंतरिक्ष अनुसंधान हो, या कोई अन्य भविष्य की तकनीक. इसके लिए युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारना होगा और नई चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा ।

### आरएंडडी पर 1.25 लाख करोड़ खर्च

प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और विकास में सरकार के निवेश का जिक्र किया. उन्होंने बताया कि 2013–14 में आरएंडडी पर कुल खर्च केवल 60,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है. यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि सरकार विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक नेता बनाने के लिए गंभीर है. उन्होंने कहा कि भारत के विश्वविद्यालय परिसर अब नवाचार के केंद्र बन रहे हैं, जहां युवा शक्ति नई खोजों को अंजाम दे रही है ।

## लातेहार में टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गांव के पास छापेमारी कर टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र उरांव, निरंजन उरांव, बबलू यादव ,अशोक साहू तथा चतरा निवासी बालेश्वर उरांव शामिल है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा जंगल के पास कुछ लोग संदिग्ध अवस्था में जमा हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम गठित की गई और जंगल में छापेमारी की गई। पुलिस ने यहां चारों ओर से घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक रिवाल्वर ,सात गोलियां समेत कई अन्य सामग्री बरामद हुए। गिरफ्तार लोगों की जब छानबीन की गई तो पता चला कि सभी लोग नक्सली संगठन टीएसपीसी के नक्सली हैं। डीएसपी ने बताया कि इन नक्सलियों की ओर से पिछले कई दिनों से एक संवेदक को धमकी देकर रंगदारी की मांग की जा रही थी। इस स्थल पर हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए नक्सली यहां जमा हुए थे। लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण नक्सलियों की योजना सफल नहीं हो पाई।




**अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन**

## 50 बुलडोजर और 36 डंपर ढहाने में लगे; मामला गुजरात हाईकोर्ट पहुंचा

**अहमदाबाद,एजेंसी।**

अहमदाबाद के शाहआलम इलाके के पास चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले एक आलीशान फार्महाउस को ढहा दिया गया है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, साइबर क्राइम और एसआरपी की टीमें इलाके में तैनात हैं। मामला गुजरात हाईकोर्ट पहुंच गया है। यहां रहने वाले लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि कानूनी प्रक्रिया और नियमों का पालन किए बिना तोड़फोड़ की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यहां रहने वालों के बांग्लादेशी होने का कोई ठोस सबूत पेश नहीं



किया गया है।पुलिस ने बीते दो दिन में इलाके से 890 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनमें से 143 लोगों की पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के बाद शुरू की गई। हिरासत में लिए गए लोगों को क्राइम ब्रांच के ऑफिस लाया गया। जांच में कईयों के पास से फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड जब्त किए गए हैं।

## राहुल गांधी पहुंचे रायबरेली, सोलर रूफ प्लांट का किया उद्घाटन

**रायबरेली,एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विशाखा फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।



फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने चौराहे पर कार्यकर्ताओं को देखकर अपनी कार अचानक रुकवाकर उनसे मुलाकात भी की। सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विशाखा फैक्ट्री में दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने त्रिफला चौराहे पर कार्यकर्ताओं को देखकर अपनी गाड़ी अचानक रुकवाई और कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाए और उनका हालचाल जाना। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बताया कि कुंदनगंज कस्बे में स्थित विशाखा सीमेंट चादर फैक्ट्री का निर्माण 2005 में शुरू होकर 2006 में पूरा हुआ था, जिसका उद्घाटन तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी ने किया था।

# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा, श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त के द्वारा सभी थाना प्रभारी से उनके क्षेत्र में स्थित बालू घाटों की स्थिति की जानकारी ली गई और अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले बालू घाट में रात्रि के समय 24*7 घंटे शिफ्ट वाइज चौकीदार की ड्यूटी लगाने, जुगाड़ गाड़ी से बालू उठाव करने वाले को चिन्हित करने, अवैध बालू उठाव में संलिप्त वाहनों को पकड़कर तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा उपायुक्त ने अवैध बालू उठाव एवं अवैध खनन के तहत प्रखंडवार किए गए



कार्रवाई की समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी से कार्रवाई की जानकारी लिया। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचलाधिकारी को अपने क्षेत्र में अवैध बालू उठाव पर लगातार छापामारी करने एवं पकड़े जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू ढुलाई को रोकने, रात के समय पैनी नजर रखने, विभिन्न स्थानों पर चेकपोस्ट के माध्यम से सघन जांच करने तथा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री पवन बाघ, पुलिस अधीक्षक श्री अनिमेष नैथानी, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा श्री आलोक वरण केसरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा श्री अशोक प्रियदर्शनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा श्री चंद्रशेखर, पुलिस उपाधीक्षक हैडक्वाटर श्री जेपीएन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खनन पदाधिकारी श्री सन्नी कुमार सहित सभी अंचलाधिकारी मौजूद रहे।

## झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मनरेगा पर की चर्चा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गोड्डाः** झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आज दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मनरेगा के तहत लंबित भुगतान की स्थिति, मजदूरी दरों में वृद्धि, सामुदायिक सुविधा परियोजना (सीपीएफ) फंड की स्थिति और एसडीआर दरों की पुनर्समीक्षा जैसे प्रमुख विषयों पर बात हुई। दीपिका पांडेय सिंह ने झारखंड के ग्रामीण श्रमिकों की समस्याओं और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए उचित समाधान का भरोसा दिलाया और कहा कि केंद्र सरकार झारखंड सहित सभी राज्यों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक को झारखंड के ग्रामीण विकास के लिहाज से अहम माना जा रहा है, जिससे राज्य को केंद्र से आवश्यक संसाधन और नीति समर्थन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सार-संक्षेप

## खेल से जुड़े संसाधन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा पर दें विशेष ध्यान : उपायुक्त



राष्ट्र संवाद सं

समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले में खेल विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

बैठक के दौरान जिले के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत बसंतराय तालाब के जीर्णोद्धार एवं बसंतराय महोत्सव के संबंध में जिला खेल पदाधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। मौके पर उपायुक्त के द्वारा जिला खेल पदधिकारी को निदेशित किया गया कि गोड्डा जिला अंतर्गत खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण, मरम्मती व जीर्णोद्धार के लिए किए जा रहे कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण तरिके से शीघ्र पूर्ण कराएं जाए। साथ ही खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं खेल से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए ताकि खिलाड़ियों के प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो एवं कर्मीगण मौजूद थे।

## जिला भू -अर्जन की बैठक संपन्न

**राष्ट्र संवाद सः** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।
बैठक में उपायुक्त के द्वारा हंसडीहा से महागामा एवं महागामा से एकचारी रेलवे लाइन के एलाइनमेंट में आ रही ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण करने,भू-अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, भूमि की विवरणी उपलब्ध कराने,सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने तथा रेलवे लाइन के निर्माण में आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मौके पर जिला भू -अर्जन पदाधिकारी श्री रितेश जयसवाल सहित भू -अर्जन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## जामताड़ा प्रखंड कार्यालय के पास सूखे पेड़ में लगी आग, हाई टेंशन तार से शॉर्ट सर्किट का मामला



**दमकल अधिकारी की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

राष्ट्र संवाद सं

जामताड़ा से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां प्रखंड कार्यालय के पास एक सूखा पेड़ अचानक आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की वजह हाई टेंशन तार में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी।दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। हालांकि पेड़ के ऊपर की सूखी लकड़ियों से लगातार धुआं उठता रहा, जिससे आग पर काबू पाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया था। दमकलकर्मी लगातार पानी डालते रहे, लेकिन धुआं थमने का नाम नहीं ले रहा था। पानी मारते-मारते दमकलकर्मी थक चुके थे, फिर भी आग पूरी तरह बुझ नहीं रही थी।

## जामताड़ाः सर्खेलडीह में देह व्यापार का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि करमाटांड़ रोड स्थित सर्खेलडीह गांव के एक निजी आवास में अनैतिक देह व्यापार का धंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर जामताड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पु०अ०नि० अलखनाथ चौबे, पु०अ०नि० सुनील कुमार सिंह, महिला हवलदार रानी हेम्ब्रम और महिला चौकिदार सरिता राय शामिल थीं।

टीम ने कार्रवाई करते हुए सर्खेलडीह स्थित रेखा वर्मन के आवास पर छापेमारी की। एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर भेजा




गया, जिसने पुष्टि की कि शारीरिक संबंध बनाने के एवज में 1200 रुपये की मांग की जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने घर में दबिश दी, जहां एक कमरे के अंदर एक महिला और एक पुरुष को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा गया।

पूछताछ में महिला ने अपना नाम सोनम बीबी (पति- स्व. गुड्डु शेख, निवासी नामुपाड़ा, जामताड़ा) और पुरुष ने अपना नाम तैयब अंसारी (पिता- सिराजुद्दीन अंसारी, निवासी डुमरिया, थाना करमाटाड़, जामताड़ा) बताया। वहीं, घर की मालकिन रेखा वर्मन (पति- स्व. भरत प्रसाद वर्मन, निवासी सर्खेलडीह) ने स्वीकार किया कि वह कमीशन के आधार पर लड़के-लड़कियों को बुलाकर देह व्यापार कराती थी और इसके बदले ग्राहकों से पैसे वसूलती थी।

पुलिस ने मौके से रेखा वर्मन, सोनम बीबी और तैयब अंसारी को गिरफ्तार कर 3/4/5 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। इस संबंध में जामताड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थाना प्रभारी राजेश मंडल ने बताया कि अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और समाज को इस तरह के कृत्यों से मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

जामताड़ा में पहली बार इतना बड़ा पुलिस का सफलता हाथ लगी है इस तरह करके कुछ अच्छी तरह से लिखिए एंकरिंग करना है थोड़ा भयानक ताकि अगर इंसान देख तो इस तरह देख करके कोई गलत हरकत ना करें इस तरह कर दे।

## नव नियुक्त आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं की योगदान

**रानीश्वर ( दुमका ) ।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गीता अलबिना बेसरा के आदेश पर यहां ग्यारह आंगनबाड़ी केंद्रों के नव नियुक्त सेविका एवं सहायिकाओं ने योगदान की हैं ।यहां रांगालिया पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कुकड़ीभाषा केंद्र के नव चयनित सेविका साहिन अफरोज की अनुकम्पा के आधार पर चयन हुई हैं ।वही धानभाषा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र लाटूलिया के सेविका अरुणा हांसदा की चयन हुई हैं ।जिला स्तर से दोनों की चयन की अनुमोदन के पश्चयात सीडीपीओ श्रीमती बेसरा उन दोनों की योगदान करा दी हैं ।वही सहायिका के पद पर कुरड़शिला केंद्र के सहायिका पद पर मालाकी सोरेन ,तारादहा के रवीना टुडू आलूबेड़ा के नयन तारा सोरेन ,भिलाईगढ़ के शीलवंती सोरेन, टांगदहा के लीलमणि हांसदा दातनकाठी के फुल कुमारी हांसदा ,कदाईपाड़ा के सेफली हेंब्रम ,हरिपुर पंचायत के जयताड़ा के किरण कनिका किस्कू एवं सादीपुर पंचायत के खुदलिश पुर के सरस्वती देवी ने सहायिका पद पर योगदान की हैं ।

## शिक्षक की असामयिक निधन पर राजद जिला अध्यक्ष दिनेश यादव जताया दुख, पीड़ित परिवार को दिया सांत्वना

**राष्ट्र संवाद सं, जामताड़ाः** शिक्षक सेवा निवृत एवं सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर यादव बैद्यनाथपुर निवासी का और असामयिक निधन की खबर सुनकर जिला राजद अध्यक्ष जामताड़ा श्री दिनेश यादव व्यक्त करते हुए उनकी देवगंत आत्मा की शांति प्रदान ईश्वर से प्रार्थना की वह एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे उनकी चले जाने से उनकी कमी को महसूस हो रहा है इस शो का कुल परिवार में नारायणपुर प्रखंड के विजय यादव कमाटांड़ से अत्ताउल्लाह अंसारी कुंडहित से राजेशमराम मिहिजाम से नंदकुमार यादव व्यवसाय वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बजाज यादव महासभा के जिला अध्यक्ष गौर चंद्र यादव ने काफी गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा आत्मा की शांति प्रदान करने के प्रार्थना की ।

## दुमका जिले में धर्मगुरूओं ने संभाली बाल विवाह रोकथाम की कमान

राष्ट्र संवाद सं दुमका, रानीश्वर

ग्राम ज्योति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई दुमका के सभागार में धर्मगुरू, स्टेकहोल्डर एवं मिडिया बंधु के साथ बैठक की गई और अक्षय तृतिया में जागरूकता हेतु अगामी रणनीति तैयार की गई। ग्राम ज्योति के निदेशक आभा जी ने कहा कि इस बैठक में सभी धर्मों के धर्मगुरू उपस्थित हैं साथ ही जिले के बाल कल्याण समिति के प्रभारी एवं सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, चाईल्ड हेल्प लाईन के सदस्य एवं अन्य संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सभी ने अपने क्षेत्र में जागरूकता की रणनीति बताये कि इस बार अक्षय तृतीया को सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च में दिवाल लेखन, पोस्टर शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान




इत्यादि से जागरूकता की जाएगी और सभी ने शपथ लिया कि एक भी बाल विवाह नहीं होगा।
बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के दुमका जिले में सहयोगी संगठन ग्राम ज्योति की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित] मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता] हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से ह्यह्यचाइल्ड मैरिज फ्री भारतह्यह्य कैम्पेन चला रहा है।
ग्राम ज्योति के निदेशक आभा जी ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के तहत दंडनीय अपराध है।

## दो करोड़ 45 लाख से बनेगा जिला परिषद डाक बांग्ला का बहुदेशीय भवन



**राष्ट्र संवाद सं,रानीश्वर ( दुमका ) ।** रानीश्वर के ऐतिहासिक डाक बंगला के बहुद्देशीय डाक बंगला का निर्माण होगी । मंगलवार जिला परिषद के बैठक में इस की प्रस्ताब पारित हुई हैं ।अंग्रेज शासनकाल के यहां जिला परिषद के डाक बंगला का निर्माण कराया गया था ।गुलाम भारत के इस डाक बंगला में आजादी के लड़ाई के समय आम लोगो को आंदोलन के साथ जोड़ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद यहां आये थे ।साथ ही डाक बंगला में ठहरे थे । देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में मसानजोड़ डैम परिदर्शन करने के लिये जाने के क्रम में यहां डाक बंगला आये थे ।रखरखाव के अभाव में संयुक्त बिहार के यह डाक बंगला धराशायी हो गया था ।रानीश्वर नाथ शिव मंदिर संलग्न डाक बंगला का जमीन को अलग राज्य बनने के बाद चहारदीवारी का निर्माण कराया गया हैं । यहां बहुद्देशीय भवन का निर्माण होने से छेत्र का विकास होगी ।

## बिसाहा पहाड़ के पास हादसाः टोटो को बचाने में अनियंत्रित हुई हाइवा, पलटने से बाल-बाल बचा ड्राइवर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गोड्डाः** पथरगामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिसाहा पहाड़ के पास मंगलवार को एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया जब एक हाइवा वाहन टोटो को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में ड्राइवर को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, हाइवा तेज रफ्तार में बिसाहा पहाड़ के समीप से गुजर रही थी, तभी सामने से अचानक एक टोटो वाहन आ गया। टक्कर टालने की कोशिश में ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लिया और स्टीयरिंग घुमा दिया, जिससे वाहन संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे पलट



गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में पथरगामा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में सड़क संकरी होने के साथ-साथ तीव्र मोड़ भी हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के उपाय बढ़ाने की मांग की है।

## करमाटांड प्रखंड के राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू स्कूल मे कुल 5 दिनों तक टीएनए का आयोजन किया गया

राष्ट्र संवाद सं

जामताड़ाः स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के सतत क्षमता विकास को लेकर 24 से 28 अप्रैल तक ह्यटीचर्स नीड असेसमेंट यानी टीएनए का आयोजन किया है। इसका आयोजन सभी प्रखंडों के चयनित स्कूलों में चल रहा है।
करमाटांड प्रखंड के राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू




स्कूल मे कुल 5 दिनों तक टीएनए का आयोजन किया गया। मंगलवार को अंतिम दिन 70 शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर रिसोर्स शिक्षक शशि शेखर ने बताया कि टीएनए का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन करना और तदनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करना है। इससे शिक्षकों को अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वे अपने शिक्षण कौशल में सुधार कर सकेंगे।
मौके पर सी आर पी राजेश गुप्ता, शिक्षक सुधीर दास, शशि शेखर सिंह, रामाशीष लाल, खुर्शीद अनवर, लोकनाथ दास, सहायक अध्यापक सोमनाथ सिंह, उत्तम कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिका मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## यादव महासभा के जिला अध्यक्ष चंद्र यादव के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना राजद जिला अध्यक्ष दिनेश यादव

**जामताड़ाः** जामताड़ा के यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता गौर चंद्र यादव की स्वास्थ्य खराब होने पर जामताड़ा के आरजेडी जिला अध्यक्ष दिनेश यादव जामताड़ा स्थित मेमोरियल अस्पताल में जाकर उनका हाल-चाल जाना। मौके पर दिनेश यादव ने गौर चंद्र यादव से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो आप हमें सूचित करें आपका मैं हर संभव मदद करने को तैयार हूं । इसके अलावा दिनेश यादव ने कहा कि किसी भी बात का टेंशन नहीं लेना है चिंता नहीं रखना है क्योंकि टेंशन से बीमारी घटती नहीं बल्कि बीमारी में वृद्धि होती है।

## उपायुक्त ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

### राजद जिला अध्यक्ष दिनेश यादव सहित अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद




राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा.प्र.से.) ने आज दिनांक 29.04.2025 को समाहरणालय परिसर अवस्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रि- मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है, एवं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है।

इस मौके पर अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कच्छप, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विजय कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री सत्यप्रकाश,राजद जिलाध्यक्ष दिनेश यादव सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अध्यक्ष, जिला परिषद्, दुमका जॉयस बेसरा की अध्यक्षता में जिला परिषद् बोर्ड की बैठक सम्पन्न

राष्ट्र संवाद सं

अध्यक्ष, जिला परिषद्, दुमका जॉयस बेसरा की अध्यक्षता में जिला परिषद् बोर्ड की बैठक सम्पन्न किया गया। जिसमें माननीय विधायक डॉ० लुईस मरांडी, जामा विधानसभा क्षेत्र एवं श्री देवेन्द्र कुँवर, जरमुण्डी विधानसभा क्षेत्र, उपाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार मंडल, मंड श्री अभिजीत सिन्हा (भा०प्र०से०), उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, दुमका, श्री सौरव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, सभी जिला परिषद् सदस्य एवं जिला स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य रूप से बिजली एवं पानी की समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका निष्पादन यथाशीघ्र कराने का आग्रह किया गया। अध्यक्ष, जिला परिषद् द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण करने का सुझाव दिया गया।

इसके अतिरिक्त दुमका जिलान्तर्गत सरैयाहाट सुमेश्वरनाथ मंदिर का पहुँच पथ का पुनर्निर्माण कार्य, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से पी०एम०जी०एस०वाई०-आईवी अन्तर्गत कुल 71 एवं 16 पथों के अनुमोदन तथा भूअर्जन विभागन्तर्गत दुमका जिलान्तर्गत एडीबी (चिगलपहाड़ी) से दुमका रामपुर हाईवे (एनएच-114ए) पथ के निर्माण कार्य परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया। साथ ही जिला परिषद् को वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राशि से ली जानेवाली विभिन्न योजनाओं का भी सर्वसम्मती अनुमोदन किया गया।

# सोनारी में 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म-हत्या मामले में सौतेला पिता बरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** : विशेष पॉक्सो न्यायाधीश श्री दत्त त्रिपाठी की अदालत ने मंगलवार को विशेष पॉक्सो कांड संख्या 56/2020 में सोनारी निवासी 5 वर्षीय सौतेली बेटी से दुष्कर्म और हत्या के सनसनीखेज मामले में एकमात्र आरोपी सुप्रियो घोष उर्फ राजा हिटलर को बरी कर दिया।
इस मामले में बचाव पक्ष के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता केएस दास (जॉली दास) और अमित कुमार तिवारी थे।
अदालत ने आरोपी के खिलाफ अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर बरी करने का फैसला सुनाया, पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। घटना के चार साल आठ महीने बाद फैसला आया।
घटना 31अगस्त 20 को सामने आई था जब सोनारी पुलिस सीमा के न्यू कपाली बस्ती इलाके की एक पांच साल की बच्ची (नाम छुपाया गया) अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी। उसकी मां रजनी पात्रो ने अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों के साथ मृतका को हर जगह खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। कुछ गलत होने का अंदेशा होने पर रजनी ने 1 सितंबर को सोनारी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 2 सितंबर को सोनारी पुलिस को शमशान काली मंदिर से करीब 100 गज की दूरी पर मरीन ड्राइव के पास बलराम भट्ठा में



स्वर्णरेखा नदी के किनारे झाड़ियों के पास एक नाबालिग लड़की का शव मिलने की सूचना मिली। शव नग्न अवस्था में मिला था और बायां हथेली गायब थी। इस संबंध में धारा 363, 302, 201, 364, 376ए, 376बी और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत प्राथमिकी (142/2020) दर्ज की गई थी। इस घटना से स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने इस जघन्य अपराध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। सोनारी थाने की तत्कालीन प्रभारी अधिकारी रेणु गुप्ता को इस मामले की जांच का प्रभार दिया गया था। पुलिस को संदेह था कि लड़की के साथ बलात्कार किया गया था और बाद में मरीन ड्राइव के पास उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने संदेह के आधार पर रजनी पात्रो के दूसरे पति सुप्रियो घोष को गिरफ्तार किया, जो उस समय 21 वर्ष से कुछ अधिक थे। उन्होंने दावा किया था कि सुप्रियो ने अपनी सौतेली बेटी को मार डाला क्योंकि रजनी, जो ब्यूटी पार्लर में काम करती थी, से अपना बच्चा चाहता था।
सुप्रियो घोष द्वारा किए गए कथित अपराध का एक भी प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। रजनी पात्रो, उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने गवाह के रूप में अपने बयान में कहा कि उन्हें दूसरों से घटना के बारे में पता चला था मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी दुष्कर्म के लक्षण नहीं मिले हैं। साथ ही, कोई फिंगरप्रिंट या हथियार भी नहीं मिला है, जिससे आरोपी को दोषी ठहराया जा सके।
पुलिस ने आरोप लगाया कि स्कूटी 31 अगस्त 2020 को एमजीएम थाना क्षेत्र के शिरोमन नगर में उसके मालिक रोजली मिंज उर्फ रोजली टोप्पो के गैरेज से चोरी हुई थी। एमजीएम पुलिस ने स्कूटी चोरी का एक अलग मामला (68/2020) दर्ज किया था। हालांकि, सुप्रियो को चोरी के आरोपों से बरी कर दिया गया था। सुप्रियो के पिता सुभाष उर्फ बबलू घोष, गोकुलनगर, डिमना रोड निवासी ने अपने बेटे को बरी किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को बरी किए जाने का बहुत लंबा इंतजार और प्रार्थना की थी।

## सार-संक्षेप

### APK राँची और TCS बैंगलुरू मैराथन में जमशेदपुर रोड रनर का शानदार प्रदर्शन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



27 अप्रेल को राँची में सम्पन्न हुए APK मैराथन में जमशेदपुर रोड रनर के धावकों ने हॉफ मैराथन की दौर में भाग लेकर अपना श्रवश्रेष्ठ योगदान दिया।
रितेश सिंह तोमर और धर्म राज मांक्षी ने एक घंटा चालिस मिनट में ही हाँफ मैराथन की दौंड पूरा करके अपनी शक्ती का प्रदर्शन किया । इस दौड़ में रितेश सिंह तोमर ने अपनी ऐज ग्रुप में दूसरा स्थान प्राप्त किया । जो कि हम सभी जमशेदपुर वासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात हैं। शेखर कुमार ने भी अपनी दौड़ दो घंटे पाँच मिनट में पुरा किया । बैंगलौर दस किलोमिटर की दौड़ में भी JRR जमशेदपुर रोड रनड़ के धावको नें शानदार प्रदर्शन किया । जिसमें अश्विनी कुमार और कृष्णा कुमार नें अपना प्रोकैम स्लैम सलेम कम्पलीट किया । और इन लोगों को सम्मानीत किया गया ।जो कि JRR जमशेदपुर रोड रनड़ के लिए बहुत ही गर्व की बात हैं।
जमशेदपुर रोड रनर का उद्धेश रनिंग के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। स्वस्थ रहे,मस्त रहे !

### जमशेदपुर में महिलाओं के लिए चेतावनी: गहने पॉलिश कराने के नाम पर ठगी, केमिकल सुंघाकर उड़ाए सोने के कंगन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर शहर में महिलाएं हो जाएं सावधान, अगर आप अपने सोने के गहने को पॉलिश करवाने की सोच रहे हैं तो, सपने में घर में आए लोगों भरोसा ना करें, सोने के गहने को साफ करने के चक्कर में है तो पलक झपकते आपके सोने के गहने हो जाएंगे गायब, ताजा मामला जमशेदपुर के पाकबरा थाना क्षेत्र के हर-हर गुड्डु का है, जहां गाने सफाई करने के नाम पर बाइक सवार दो युवक घर में घुसे और महिला को जबरन हाथ में केमिकल लगाकर उनके हाथ के बालों को साफ करने लगे, कुछ ही मिनट में महिला बेहोश हो गई, मौका देख युवक ने महिला के हाथ से सोने के बाल लेकर निकाल कर फरार हो गए, फिलहाल दोनों यूवको कि तस्वीर बाहर लगे३५ कैमरे में कैद हो गई है, वहीं सूचना मिलते ही बागबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले कि जांच में जूट गई है, इस घटना के बाद पूरे परिवार के साथ आस पास लोगों में डर का माहौल बना हुआ है

### महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार पूर्णतः फेल, नौजवानों के भविष्य से खिलवाड कर रही है - आनन्द बिहारी दुबे



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस एवं मण्डल कमिटी के तत्वावधान में नुक्कड सभा का आयोजन शहीद भगत सिंह चौक, जेम्को में रविवार को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शहीद ए आजम भगत सिंह जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी नरसंहार में मृत हुए लोगो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा दो मिनट का मौन रख कर जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।
नुक्कड सभा को मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने संबोधित कर करते हुए कहा कि देश में महंगाई चरम पर है। मध्यम और गरीब परिवार क्या खायेंगे, अब तो भाजपा सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के मुल्य में 50रु बढा कर हर रसोई घर पर कहर ढा रही है। देश में दिनों दिन शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। भारत सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों से नौकरी के अवसर कम किये जा रहे है। सार्वजनिक उपक्रमों को बेचा जा रहा है। रेलवे से नौकरी समाप्त कर, रेलवे को प्राईवेट करने पर केन्द्र सरकार तुली है। बेरोजगार नौजवान पढ़ लिख कर क्या करेंगे। मोदी बताए। इस भयावह बेरोजगारी और महंगाई से मोदी सरकार को तनिक भी फर्क नही पड़ता है। भाजपा के अंध भक्तों को महंगाई, बेरोजगारी दिखती ही नही है।

### चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में श्री रामचरित मानस कंठस्थ पाठ का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चिन्मय विद्यालय साउथ पार्क में श्री रामचरित मानस दोहावाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री रामचरित मानस के अरण्य काण्ड के दोहों का वाचन अर्थ सहित करना था। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों से शिक्षक उपस्थित हुए, जिसमें श्री वीरेन्द्रनाथ उपाध्याय, राजस्थान मैत्री संघ, हाईस्कूल से श्रीकृष्ण कुमार विज्ञान शिक्षक, विद्यालय से श्रीमती स्मृति लाल, सुश्री रूबी पात्रा उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में बच्चों की विलक्षण प्रतिभा की सराहना सर बी. सुरेन्द्रनाथ, तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मिक्की सिंह ने मुक्त कंठ से की। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, तथा इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की संगीत शिक्षिका श्रीमती मौमिता, को-आर्डिनेटर श्रीमती विनीता मिश्रा व बेबी प्रसाद का योगदान सराहनीय था।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने बमामाईंस मंडल क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता को लेकर दिए निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बमामाईंस मंडल के विभिन्न इलाकों में जिला योजना निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह समेत जमशेदपुर अक्षेस के अभियंतागण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक पूर्णिमा साहू ने ईस्टप्लांट बस्ती के दरबार लाइन और शिव नगर में चल रहे पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठान कार्य, ईस्टप्लांट बस्ती में नाले के निर्माण, मनीफिट में सड़क



निर्माण, रामाधीन बगान स्थित छठ घाट के पास चेयर अधिष्ठान तथा सलगाझूड़ी स्थित गैस संचालित शवदाहगृह के पास पथ निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं से कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जाना। इस मौके पर पूर्णिमा साहू ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कटौती नजरअंदाज नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की सुविधाओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं को कार्यों की निगरानी जारी रखने की बात भी कही, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता बनी रहे और आमजन को लाभ मिल सके।
इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, बमामाईंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व जिला महामंत्री राकेश सिंह, शशांक मिश्रा, मिंटू मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, श्रीनिवास, सूरज रजक, पवन चौधरी, रितेश झा, चंदन उपाध्याय, सौरव श्रीवास्तव, संजय शर्मा, रामदुलारी देवी, राज कौर, महेंद्र रजक, राममूर्ति, शशि सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## सामाजिक संस्था समर्पण के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए दर्जनों जगह पर लगायी प्याऊ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर : समाजिक संस्था समर्पण के द्वारा गर्मी को देखते हुए स्कूली बच्चों एवं राहगीरों के लिए पेयजल सुविधा के लिए जगह जगह निःशुल्क प्याऊ लगवाए गए है। स्टैंड के साथ घड़े में पानी भरकर सर्वप्रथम बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल के सामने प्याऊ लगाकर विधिवत शुभारंभ की गई। इससे स्कूली बच्चों एवं बच्चों को लाने और जाने के क्रम में अभिभावक भी शीतल पानी पी सकेंगे। इसके अलावे प्याऊ रेलवे ट्रॉफिक कॉलोनी मुख्य सड़क के किनारे, गोलपहाड़ी मंदिर, सुन्दरनगर, टाटा स्टेशन रोड, बिरसानागर में भी लगाए गए है।
इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि बढ़ती गर्मी के मद्देनजर स्कूली बच्चे, अभिभावक सहित आमजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समर्पण संस्था द्वारा मुख्य चौक चौराहों में प्याऊ की व्यवस्था का कार्य करना काफी सराहनीय है। इससे प्यासे राहगीरों को इस भयानक गर्मी में शुद्ध एवं शीतल जल मिल सकेगे। संस्था की कुमुद शर्मा ने जरूरत स्थानों को चिन्हित कर स्टैंड के साथ घड़ा भी लगाने की बात कही है। घड़े में पानी भरने एवं देखरेख के लिए संस्था के सदस्यों निगरानी भी करते रहेंगे।
इस मौके पर बागबेड़ा पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, समर्पण संस्था के अध्यक्ष बिभूति जेना, चन्दन, श्रवण, मनीषा, कुमुद उपस्थित थे।

## बागबेड़ा ग्रामीण वृहत जलापूर्ति योजना के मुआयना के क्रम में हो रहे कार्य को देखकर भड़के आनन्द बिहारी दुबे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बागबेड़ा** : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के दौरा कार्यक्रम के तहत बागबेड़ा ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना स्थल का मुआयना करने के लिए दोपहर 12 बजे जिला अध्यक्ष खरकाई नदी के तट बडौदा घाट पहुंचे। बडौदा घाट के तट पर पाइप लाइन जो नदी पार करके लाना है। इसका मुआयना किया। जिसमें जिला अध्यक्ष ने देखा कि नदी के अंदर पिलर बनाने का कार्य और बेरिंग बनाने का कार्य संपन्न हो गया है, लेकिन पाइपलाइन को अधिष्ठापित नहीं किया गया है। इस पर कार्यपालक अभियंता द्वारा नियुक्त किए गए कनिय अभियंता शिवानंद बेदिया दौरा स्थल पर मौजूद रहे।



जिला अध्यक्ष ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और दौरा स्थल से ही मोबाइल फोन से कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार से वार्ता किया।
उन्होंने फोन पर बताया कि संवेदक के द्वारा वर्तमान में जो कार्य किया जा रहा है। जमीन से मात्र 500 एम. एम. नीचे मुख्य पाइपलाइन अधिष्ठापित किया जा रहा है, और पाइपलाइन के नीचे किसी भी प्रकार का सामग्री नही दी जा रही है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि इस कार्य को मैं अविलंब दिखवा रहा हूं
जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्य गति को बढ़ाया जाए, गुणवत्ता को पूर्ण रूप से देखा जाए, अन्यथा आम जनता को भविष्य में अनेको परेशानियां झेलना पड़ सकता है। 21 पंचायत क्षेत्र में घनी आबादी है, लोग पानी के बिना त्राहिमाम हो जाएंगे। इसीलिए किसी भी प्रकार से गुणवत्ता की कमी ना रहे।

## राजा तालाब में दवा छिड़काव से मछलियों की मौत, दुर्गंध और महामारी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी घाघीडीह पंचायत के हरहरगुटु राजा तलाव में दावा छिड़काव के कारण एक बार फिर मछलियों की मौत हो गयी है मछली मारने से आसपास के क्षेत्र में दुगंध होने लगी है जिससे कि लोगों में डर बना हुआ है कही झेत्र में महामारी बीमारी न फैल जाए, वहीं पंचायत के मुखिया भारत जोड़ा ने कहा कि जो लाभुक समिति है राजन सिंह के द्वारा इस तालाब में दवा छिड़काव किया गया था जिस कारण यह मछलियां मर गई है मुखिया का कहना हर बार इसी तरह की घटना होती जो लाभुक है दावा का छिड़काव करते है मछलियां मर जाती है उन्होंने कहा की आशंका है कि कहीं इस तरह को घटा मुआवजा को लेकर लघु



के द्वारा नहीं की जाती है इसके उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और इसकी जांच की मांग से करेंगे और जल्द से जल्द जिला प्रशासन से आगरा है कि मरे हुए मछली को तालाब से सफाई कराई जाए , वह स्थानीय लोगों ने भी कहा कि इस तालाब के जो लाभुक समिति है उनके द्वारा ही इस तालाब में दवा डालकर मछली को मार दिया जाता है इसका कारण है कि सरकारी विभाग से मुआवजा मिल सके जिससे पूर्वी इस्लाम में बड़े-बड़े मछलियां मर गई थी उसे समय भी राजा एन सिंह ही लागू थे जाए जिससे कि यह क्षेत्र में रहने वाले लोग को परेशानी ना हो
या सरकारी तलाब है जो मत्स्य विभाग के द्वारा हर साल मछली पालने को लेकर टेंडर होता है इस तलाब को राजन सिन्हा को मछली पालन के लिए दिया गया था,वही राजन सिन्हा के द्वारा करीब तीस से 35 क्विंटल मछली छोड़ा गया था सिंह के द्वारा इस तालाब को लिया गया है

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन नये अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का हुआ स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का टाटा मोटर्स प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया। जेनरल आफिस फोर्जा हॉल में आयोजित स्वागत सह परिचय कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, एचआर हेड प्रणव कुमार, ईआर हेड सौमिक रॉय, जीएम श्रीमती किरण नरेन्द्रन तथा जीएम स्तर के तमाम वरीय पदाधिकारी , महामंत्री आरके सिंह, यूनियन के आफिस बेयरर आदि उपस्थित थे।
कार्यक्रम के दौरान प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी के हाथों नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। बाद में बारी -बारी से एचआर हेड, ईआर हेड द्वारा भी अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।
कार्यक्रम के दौरान प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद जी का टाटा मोटर्स से जुड़ाव बहुत पुराना है। इन्होंने ग्राउंड लेवल पर सारी वस्तु स्थिति को देखा है। यूनियन और प्रबंधन हमेशा इनके साथ है। वे कभी अकेला न समझे। कंपनी



की आवश्यकता एवं यूनियन की गरिमा को ध्यान में रखकर आगे बढ़े , प्रबंधन हमेशा साथ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यूनियन एवं प्रबंधन वन टीम की हैसियत से मजदूर व कंपनी हित में कार्य करेगी। मैं अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद जी एवं यूनियन की पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि शशि भूषण प्रसाद जी शुरू से यूनियन के साथ है। आज भी यूनियन वहीं पुरानी यूनियन है। सिर्फ अवश्यकता अनुसार चेहरा बदला है। शशि भूषण प्रसाद जी पहले भी कंधे से कंधा मिलाकर चलते थे । आज उन्हें बड़ी जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया है।

**वर्ल्ड ट्रक में हुआ स्वागत।**

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का वर्ल्ड ट्रक में स्वागत किया गया। यहां अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ तथा माला पहनाकर नये अध्यक्ष का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। इस दौरान यूनियन के तमाम कमेटी मेंबर्स, ऑफिस बेयरर तथा आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह ने किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि अध्यक्ष का पद बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए वैसे व्यक्ति का चयन करना जरूरी था जो सबको एक नजर से देखता हो। शशि भूषण जी कुशल व्यवहारिक व्यक्ति हैं। उनका सहयोग यूनियन को प्राप्त होगा। यह पूर्ण विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति से बड़ा संगठन है। संगठन पर कभी आंच नहीं आना चाहिए। यह बात हम सबों को हमेशा याद रखना है।
बुधवार को प्लांट श्री में नव मनोनीत अध्यक्ष का होगा स्वागत।
बुधवार को सुबह 9 : 30 बजे प्लांट श्री के इडेग लाईन में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का स्वागत होगा।

## जमशेदपुरः मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर बमामाईंस माल गोदाम के मजदूर हड़ताल पर, सात साल से नहीं बढ़ी मजदूरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** :जमशेदपुर के बमामाईंस स्थित माल गोदाम में काम करने वाले मजदूरों ने मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार से हड़ताल शुरू कर दिया है. मजदूरों ने आरोप लगाया कि वे पिछले सात वर्षों से लगातार यहां कार्य कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मजदूरी दर में कोई वृद्धि



नहीं की गई है. हड़ताल पर बैठे एक मजदूर विनोद कुमार गुप्ता ने बताया जब हमने काम शुरू किया था तब बाबूलाल पारिक लॉजिक कंपनी ने हर साल मजदूरी दर बढ़ाने का वादा किया था, मगर सात साल बीत जाने के बाद भी किसी ने हमारी बात नहीं सुनी. मजबूर होकर आज हम सभी को काम बंद कर हड़ताल पर बैठना पड़ा है. मजदूरों के इस हड़ताल से कैरेज कॉलोनी कंटेनर यार्ड की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो गई हैं. मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं वे काम पर नहीं लौटेंगे वहीं, प्रबंधन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

## गुजराती स्कूल के सचिव के बजाय ट्रस्टी को बिजली बिल भेजा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### सुधीर कुमार पप्पू ने टाटा स्टील को लीगल नोटिस भेजा

**जमशेदपुर।** अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जमशेदपुर गुजराती समाज के सचिव जयेश आर अमीन एवं सदस्य दर्शा भट्ट की ओर से टाटा स्टील के एमडी, टाटा स्टील के टाउन एडमिनिस्ट्रेशन हेड, चीप कॉरपोरेट सर्विस एवं टाउन इलेक्ट्रिकल चीफ को लीगल नोटिस भेजा है। इसमें बताया गया है कि टाटा स्टील द्वारा वर्ष 1936 एवं 1963 में श्री गुजराती समाज के आग्रह पर लीज पर दी गई जमीन पर निर्मित नवेर्राम हंसराज गुजराती एमई स्कूल, डी एन कमानी गुजराती स्कूल एवं नवेर्राम हंसराज इंग्लिश स्कूल श्री गुजराती समाज द्वारा संचालित है और
टिस्को लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन लिया गया था, जिसका उपभोक्ता क्रमांक 0000685 तथा बी.पी. क्रमांक 0010023064 था तथा बिल का भुगतान सचिव गुजराती स्कूल के नाम से फरवरी 2025 तक नियमित रूप से किया गया था। लेकिन अब बिजली का बिल ट्रस्टी के नाम से कर दिया गया है।
वकील सुधीर कुमार पप्पू ने अमीन से मिली के अनुसार लिखा है कि कथित ट्रस्टी द्वारा जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे।
टाइटिल सूट को लेकर सिविल अपील संख्या 15/2025 कोर्ट ऑफ एंड सेशन जज, जमशेदपुर में लंबित है। ऐसे में जब मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो कैसे बिजली बिल सचिव दर्शन भट्ट की बजाय ट्रस्टी के नाम पर भेजा गया है।
सचिव द्वारा दिए गए पत्र की प्राप्ति के बावजूद, कंपनी पूर्व सूचना/सहमति के बिना गुजराती स्कूल के ट्रस्टियों के नाम पर मार्च 2025 के महीनों के लिए अवैध रूप से बिल बनाया है, जो न केवल मनमाना है बल्कि साजिश और धोखाधड़ी और छल के आपराधिक कृत्य के अंतर्गत भी आता है।

## संपादक की कलम से

# भारत का रणनीतिक संतुलन की दिशा में निर्णायक कदम है रफाल-एम सौदा

**देवानंद सिंह**




भारत और फ्रांस के बीच 64,000 करोड़ रुपये के अनुमानित मूल्य पर 26 रफाल-एम (मरीन) लड़ाकू विमानों के ऐतिहासिक सौदे पर हस्ताक्षर भारतीय रक्षा तैयारियों और विदेश नीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह सौदा केवल एक सैन्य खरीद नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की सामरिक शक्ति, समुद्री प्रभुत्व और बहुध्रुवीय वैश्विक संतुलन में उसकी भूमिका को दशार्ता है। इस समझौते के तहत भारत फ्रांस की रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी दसॉ एविएशन से 22 सिंगल-सीटर और 4 डबल-सीटर रफाल-एम लड़ाकू विमान खरीदेगा। इन विमानों को विशेष रूप से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। डिलीवरी की प्रक्रिया 2030 तक पूरी होनी तय की गई है। इसके अतिरिक्त, भारत में विमानों के रखरखाव, मरम्मत, और कुछ हिस्सों के निर्माण की सुविधा विकसित करने पर भी सहमति बनी है, जिससे घरेलू उद्योग और रोजगार सृजन को बल मिलेगा।

इस सौदे का समय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान के बीच गहराते तनाव और चीन की आक्रामक समुद्री नीति की पृष्ठभूमि में हुआ है। रक्षा विश्लेषक संजीव श्रीवास्तव के अनुसार, यह समझौता सिर्फ एक हथियार सौदा नहीं है, बल्कि यह भारत के शक्ति-प्रदर्शन का प्रतीक है। पाकिस्तान के पास इस समय कोई विमानवाहक पोत नहीं है, जबकि भारत के पास आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे दो प्रमुख पोत हैं। ऐसे में, समुद्री युद्धक्षेत्र में भारत की स्थिति कहीं अधिक मजबूत है। चीन के संदर्भ में यह सौदा और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। वर्तमान में चीन के पास तीन विमानवाहक पोत हैं और दो और निमार्णाधीन हैं। उसकी 'String of Pearls' रणनीति और दक्षिण चीन सागर में बढ़ती सक्रियता भारत के लिए एक दीर्घकालिक सामरिक चुनौती है। ऐसे में रफाल-एम जैसे अत्याधुनिक नौसैनिक लड़ाकू विमान भारत को इस क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे।

रफाल-एम की सबसे बड़ी खासियत इसकी बहुस्तरीय युद्धक क्षमता है। यह विमान 360 डिग्री विजिबिलिटी और मल्टी-टारगेट ट्रैकिंग की क्षमता रखता है। पायलट के हेलमेट से जुड़ी टारगेटिंग तकनीक और कंप्यूटर-निर्देशित मिसाइल सिस्टम इसे आधुनिकतम श्रेणी में शामिल करते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि रफाल हवा से हवा में 150 किलोमीटर और हवा से जमीन पर 300 किलोमीटर तक सटीक मिसाइल हमले करने में सक्षम है। यह क्षमता न केवल दुश्मन की हवाई ताकत को चुनौती देती है, बल्कि दुश्मन के गहरे ठिकानों को भी लक्ष्य बनाने में सक्षम बनाती है। इस लिहाज से यह पाकिस्तान के एफ-16 और चीन के जे-20 जैसे विमानों की तुलना में एक अधिक संतुलित और भरोसेमंद विकल्प माना जा रहा है।

भारतीय नौसेना के पास फिलहाल मिग-29के जैसे लड़ाकू विमान हैं, जो अब तकनीकी दृष्टि से पुरातन हो चुके हैं और कई बार तकनीकी खराबियों का शिकार हो चुके हैं। इनकी जगह रफाल-एम का आना नौसेना की युद्धक क्षमता को एक नई दिशा देगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य जैसे विमानवाहक पोतों पर लगभग 60 से 70 लड़ाकू विमान तैनात किए जा सकते हैं, ऐसे में 26 रफाल-एम पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन यह एक मजबूत शुरूआत है।

इस सौदे को भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में एक परिवर्तनकारी कदम माना जा सकता है। भारत पारंपरिक रूप से जमीनी युद्ध रणनीति पर केंद्रित रहा है, लेकिन अब समुद्री सीमाओं और वायुसेना को अधिक प्राथमिकता देने की दिशा में यह एक निर्णायक परिवर्तन है। 1997-98 में रूस से सुखोई-30 की खरीद के बाद यह पहला बड़ा लड़ाकू विमान सौदा है। सुखोई की तुलना में रफाल अधिक उन्नत, बहुउद्देशीय और तकनीकी रूप से श्रेष्ठ है। इस सौदे से भारत को रणनीतिक, तकनीकी और औद्योगिक स्तरों पर लाभ होगा। रणनीतिक लाभ यह है कि इससे भारत की सैन्य पहुंच हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होगी। तकनीकी दृष्टि से यह भारत की नौसैनिक क्षमता में गुणात्मक वृद्धि करेगा। और औद्योगिक दृष्टिकोण से यह 'मेक इन इंडिया' को गति देगा, क्योंकि इसके कुछ हिस्सों के निर्माण और रखरखाव की सुविधा देश में ही विकसित होगी।

भारत-फ्रांस रक्षा साझेदारी कोई नई बात नहीं है, लेकिन यह सौदा उस साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाता है। दोनों देश बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थक हैं और चीन की वर्चस्ववादी नीति के प्रति सजग हैं। फ्रांस हिंद-प्रशांत रणनीति में भारत को एक प्रमुख साझेदार मानता है, जबकि भारत फ्रांस को यूरोपीय संघ में अपने लिए एक स्थायी रणनीतिक मित्र के रूप में देखता है। रक्षा मंत्री रहे मनोहर पर्रिकर ने अपने कार्यकाल में रफाल को भारत की हवाई सुरक्षा का स्तंभ बताया था। उन्होंने इसकी अचूक निशाना साधने की क्षमता और 360 डिग्री सेंसर कवरेज की प्रशंसा करते हुए इसे भारतीय सेना की गति और तीव्रता को बढ़ाने वाला बताया था, हालांकि इस सौदे के कई लाभ हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां भी हैं।

सबसे पहली चुनौती है डिलीवरी में देरी। विमानों की पहली खेप आने में लगभग तीन साल लगेंगे और उनमें भी भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधन में समय लगेगा। दूसरी चुनौती है लागत-64,000 करोड़ रुपये का यह सौदा भारत के रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा है और इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों की आवश्यकताओं का भी संतुलन बनाए रखना होगा। तीसरी चुनौती है विमानों की संख्या। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 26 विमान दो विमानवाहक पोतों के लिए अपर्याप्त माने जा सकते हैं। आने वाले वर्षों में भारत को और अधिक विमान खरीदने या स्वदेशी विकल्पों पर तेजी से काम करने की आवश्यकता होगी। 'TEDBF' (Twin Engine Deck Based Fighter) जैसे DRDO परियोजनाओं को गति देने की जरूरत है ताकि दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सके।

कुल मिलाकर, रफाल-एम सौदा भारत की समुद्री सुरक्षा, सामरिक कूटनीति और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दृष्टि से एक दूरदर्शी निर्णय है। यह केवल पाकिस्तान को जवाब देने की बात नहीं है, बल्कि चीन जैसी बड़ी शक्ति से संतुलन बनाए रखने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक दायरा बढ़ाने और भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह सौदा दशार्ता है कि भारत अब केवल रक्षा के लिए हथियार नहीं खरीद रहा, बल्कि रणनीतिक सोच और वैश्विक संतुलन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। रफाल-एम न केवल भारत की नौसेना को ताकत देगा, बल्कि उसकी विश्व भूमिका को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा।



# अक्षय तृतीया: समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व

**प्रियंका सौरभ**



अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है-जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं।

भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे ह्यअखा तीजह्न के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप-तप, उपवास और सेवा कार्य ह्यअक्षयह्न यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है।

> अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है-जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।
> पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं।

अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से ह्यअक्षय पात्रह्न प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया।

इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी-नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह ह्यअक्षय संपत्तिह्न का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है।

इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, जमीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है।

पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरूआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है।

आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य-सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं।

अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें-कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ ह्यअक्षयह्न छोड़कर जाएं।

**'जो करे सेवा जल की, वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे अक्षय सुख-संसार।'**

# बेतुके बयानों से बचें एवं राजनीतिक सहमति कायम रखें

**ललित गर्ग**



पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है, इसमें पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका को देखते हुए देश की एक सौ चालीस करोड जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सीखाना जरूरी हो गया है, नरेन्द्र मोदी सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन लेते हुए सिंधु जल को रोकने जैसे पांच कदम उठाये। दोनों ही देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी है, यह पहली बार देखने को मिला है कि इस घटना को लेकर कश्मीर सहित समूचा देश एक दिखाई दे रहा है। ऐसे क्रूर, आतंकी एवं अमानवीय हमले के वक्त में पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। सभी राजनीतिक दल, जाति, वर्ग, धर्म के लोग पाकिस्तान को करारा जबाव देने के लिये मोदी सरकार के हर निर्णय में सहयोगी होने का संकल्प व्यक्त किया है, बावजूद इसके कुछ नेताओं के ओछे, बेतुके एवं अराष्ट्रीय बयान भी सामने आए हैं, जिनको सुनकर इन नेताओं के मानसिक दिवालियेपन, औछेपन एवं विध्वंसक राजनीतिक सोच पर क्रोध भी आता है एवं तरस भी आता है। निश्चित ही ये बयान जहां अंधविरोध की घोर नकारात्मक एवं संकीर्ण राजनीति को दशार्ते है, वहीं कुछ वोट बैंक की सस्ती राजनीति को उजागर करते हैं। भाजपा नेताओं को भी यह ध्यान रखना होगा कि उनकी ओर से ऐसा कुछ न कहा-किया जाए, जिससे यह लगे कि वे पहलगाम की घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। जब राष्ट्र संकट एवं जटिल दौर में हो, किसी का राजनीतिक हित देशहित से बड़ा नहीं हो सकता।

अनर्गल, बेतुके एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों ने एक बार फिर कुछ नेताओं एवं दलों की घटिया सोच को बेनकाब किया है। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहलगाम की बर्बर आतंकी घटना पर अपने नेताओं के बेतुके बयानों का संज्ञान लिया और यह निर्देश दिया कि वे इस हमले पर पार्टी लाइन के हिसाब से ही बोलें। ऐसे निर्देश देना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि उसके कई बड़े नेता और यहां तक कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी बेलगाम होकर यह कह गए कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं। वहीं के एक मंत्री एवं नेता ने तो कहा कि आतंकियों के पास इतना समय कहां होता है कि वह किसी को मारने से पहले उसका धर्म पूछें। इसी तरह का बयान महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक ने भी दिया। हद तो यह हो गई कि जब यह भी बोला गया कि जो महिला




कह रही है कि उसके पति को मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया, उसने अपना होशोहवास खो दिया होगा। एक अन्य कांग्रेस नेता ने यह बेतुकी बात कही कि पाकिस्तान भाजपा और आरएसएस का दुश्मन होगा, कांग्रेस का नहीं? ऐसे बयान केवल संवेदनहीन और पहलगाम हमले से क्षुब्ध देशवासियों का खून खौलाने वाले ही नहीं, आतंक को खाद-पानी देने वालों के मन की मुराद पूरी करने वाले भी हैं।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने विवादित बयान में कहा कि इस घटना से किसे फायदा हो रहा है और कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है इसका जवाब हमला करने वाले के पास ही है। टिकैत ने जोर देकर कहा कि असली चोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में ही मौजूद है। टिकैत अपने औछे, घटिया एवं उच्छृंखल बयान के साथ यह उदाहरण भी दिया कि जब गांव में किसी की हत्या होती है, तो पुलिस सबसे पहले उसे पकड़ती है, जिसे जमीन मिलने जैसा फायदा होता है। पाकिस्तान के लिये पानी रोकने के निर्णय पर उनका यह कहना कि पानी पर सभी जीव-जंतुओं का अधिकार है, यह सबको मिलना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने भारत-विरोधी विचार ही दिया है। बिजनसमैन एवं गांधी परिवार के जवाई रॉबर्ट वाड्रा के पहलगाम हमले पर विचार भले ही चौतरफा आलोचना के बाद बदल गए हैं। लेकिन उन्होंने भी इस आतंकवादी हमले के लिए मोदी सरकार और हिंदुत्व को जिम्मेदार ठहराया था। राष्ट्रीय हितों पर चोट करने और देश की एकजुटता को प्रभावित करने वाले ये बयान यही नहीं बताते कि राजनीतिक कटुता के चलते नेतागण संवेदनशील मामलों में भी बोलते समय अपने विवेक का परित्याग कर देते हैं, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी पार्टी लाइन की कोई परवाह नहीं रहती। उनके लिये पार्टी देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिन भी दलों के नेता पहलगाम की घटना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं और जिसके चलते सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति आहत हो रही है, उन पर लगाम लगे। पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष ह्यकिसी भी जवाबी कार्रवाईह्न के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत भी है।

संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं। बेशक पहलगाम में सुरक्षा चूक पर जवाब मांगने का राजनीतिक अधिकार विपक्ष को है, क्योंकि चूक तो हुई ही है, लेकिन सहमति के लिए संवाद और समन्वय की प्रक्रिया जारी रहनी जरूरी है। यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राजनीति देश के लिए होनी चाहिए, देश की कीमत पर नहीं। अलग-अलग दलों से होने तथा कई मुद्दों पर नीतिगत मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरसिंह राव, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने परस्पर सम्मान भाव वाले रिश्तों से संवाद, सौहार्द, समझ तथा समन्वय की जो मिसाल पेश की, वह दलगत राजनीति में वर्तमान सन्दर्भों में मार्गदर्शक बन सकती है। एक-दूसरे को देशविरोधी मानने की मानसिकता से मुक्त होना होगा और परस्पर कटुता के बजाय सम्मान का भाव जगाना होगा। अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, कायम रहे राजनीतिक सहमति ताकि देश चुनौतियों एवं संकटों का सामना प्रभावी एवं सफलतापूर्वक कर सके। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, अब दुनिया भी स्वीकारने लगी है कि पाकिस्तान आतंक की प्रयोगशाला है। उसकी इस नर्सरी एवं आतंक की खेती का उद्देश्य भारत की तबाही ही है। भारत को कभी तो जबाव देना ही था, अब भारत ने कमर कसी है तो पाकिस्तान परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसी गिदड धमकियों पर उतर आया है। अब तो भारत के राजनीतिक दलों, नेताओं एवं संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों को पाकिस्तान के प्रति अपनी सोच को बदलना चाहिए। अब पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है। आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। सीमाओं पर लड़ने की ताकत देश के भीतर के इन संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक एजेंडे में खप जायेगी तो हम केवल उस एजेंडे को ही आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों एवं पाकिस्तान का मकसद है- भारत को विभाजित करना। कश्मीर एवं देश में मुस्लिम समाज ने पहलगाम की घटना का जिस तरह विरोध किया, काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और कहा कि इस घटना ने इस्लाम को बदनाम किया है, वह स्वागतयोग्य है। देश में आगे भी सद्भाव बना रहे, यह देखना सभी समुदायों की जिम्मेदारी है। लेकिन इससे बड़ी जिम्मेदारी राजनीतिक दलों एवं नेताओं की है कि वे बेतुके बयानों से स्वार्थ की राजनीति का त्याग करें।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष** - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** - किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** - संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** - महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** - स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्डूषचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु** - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** - व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुम्भ** - जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-2-4-6

**मीन** - मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# पूरे गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं, कैसे बन गए मुस्लिम बच्चों के प्रमाण पत्र

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**






जमशेदपुर के स्कूलों से बीडियो वेरीफिकेशन के लिए सर्टिफिकेट भेजे जाने पर मामला का हुआ उजागर
निजी स्कूलों में फीस माफी के लिए किया गया फजीर्वाड़ा
मटियाबान्धी पंचायत से जारी किए गए हैं सभी सर्टिफिकेट
सभी जन्म प्रमाण पत्रों में बच्चों का जन्म स्थान मटियाबान्धी गांव का है
वीडियो में पंचायत सचिव से मांगा स्पष्टीकरण
एसडीओ की नेतृत्व में हो रही जांच, कई लोगों का मोबाइल और कंप्यूटर सीज किया गया, कई प्रज्ञा केंद्र बंद पाए गए
मटियाबान्धी गांव से मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर गांव से लेकर जमशेदपुर के स्कूलों में एडमिशन की थी तैयारी

जमशेदपुर से सटे 70 किलोमीटर दूर चाकुलिया प्रखंड में कुछ ही महीने में 300 मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बन गया, गांव के लोगों को पता चला तो गांव के लोग हैरान हो गए, क्योंकि पूरे गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं, कैसे बन गए मुस्लिम बच्चों के प्रमाण पत्र इस गांव के एड्रेस पर, एक बड़ी लापरवाही या कोई साजिश, जिले के उपायुक्त नें जांच के लिए टीम का गठन किया, जल्द से जल्द जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश,
जमशेदपुर से 70 किलोमीटर दूर चाकुलिया प्रखंड के मटियाबान्धी गांव में एक अजीब कारनामा हुआ है, जहां एक भी मुस्लिम परिवार नहीं उसे गांव के पते पर लगभग 300 बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना दिया गया, जिला प्रशासन ने जांच शुरू की तो पाया पहले चरण में लगभग 116 बच्चों का फर्जी दस्तावेज बना है, पूरा महकमा सकते में आखिरकार इतने बड़े तादाद में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एक ही गांव में कैसे बना है, इतना ही नहीं पूरा गांव के लोग हैरान है, जमशेदपुर के चाकुलिया प्रखंड के मटियाबान्धी गांव जहां अधिकतर महतो और संथाल जाति के लोग रहते हैं, जहां की जनसंख्या लगभग 5000 परिवार कि है, वहां एक विशेष समुदाय मुस्लिम के बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बन जाता है, वह भी एक दो तीन नहीं बल्कि पूरे 300 जिस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार ना हो आखिरकार उसे गांव के नाम पर कैसे मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना है, यह एक बड़ा जांच का विषय है कहीं यह सब बांग्लादेशी मुसलमान तो नहीं जिन लोगों का जन्म प्रमाण पत्र बना कर गांव में लाने कि तैयारी है, कई सवाल खड़ा हो रहा है, आखिरकार किसके डळढ से यह इतना बड़ा खेल हुआ और एक विशेष समुदाय के बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बन गया जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन ने तुरंत 116 जन्म प्रमाण पत्रों की जांच की और पाया की सभी पर जन्म प्रमाण पत्र फर्जी हैं अब सवाल उठता है कि ग्रामीण इलाकों में किस तरह बनता है यह जन्म प्रमाण पत्र सबसे पहले जब बच्चे का जन्म होता है तो सैया पहले दिन से लेकर 30 दिन तक के रिकॉर्ड को लेकर पंचायत समिति के सदस्य को दी जाती है फिर पंचायत समिति सदस्य उसकी इऊड के भेज देते हैं जहां से ओटीपी निर्गत होता है और बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनता है, 30 दिन से अधिक होने पर बच्चों का परम जान प्रमाण पत्र बनने का अधिकार एसडीओ के पास चला जाता है, और इस तरह से बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बन जाता है, आखिरकार सबसे पहले बच्चों का जन्म का प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच पंचायत समिति करती है इस वक्त मटियाबान्धी गांव मे सुनील महतो पंचायत समिति सदस्य हैं जो इस वक्त नवंबर महीने से बीमार चल रहे हैं जिनकी हालत ऐसे हैं की वह सही से खड़ा भी नहीं हो पाते हैं शारीरिक रूप से पूरी तरह से अक्षम है तो फिर पंचायत समिति का ओटीपी यानी सुनील महतो का ओटीपी किसके पास गया और किसने इतनी बड़ा खेला किया, उसके नाम पर कर दी जिला प्रशासन ने सुनील महतो को शो कोज नोटिस जारी किया है, कि आखिरकार उनके बीमार रहने पर उनका ओटीपी किसने प्रयोग में लाकर इतना बड़ा फर्जी वादा किया सुनील ने इसका जवाब जिला प्रशासन को लिखकर दे दिया है अब सवाल उठता है कि यह ओटीपी का खेल हुआ कहां से और आखिरकार इन मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना कैसे जहां एक गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है यह जांच के दायरे में आया कैसे सबसे बड़ा सवाल उठता है, विगत दिनों जमशेदपुर के कई स्कूलो मैं नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी, इसी दरमियान कुछ स्कूलों में देखा गया कि जमशेदपुर से 70 किलोमीटर दूर मठिया बंदी पंचायत से कई जन्म प्रमाण पत्र उनके स्कूलों में आए इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन ने सबसे पहले शिक्षा विभाग को दी और जब शिक्षा विभाग ने इसकी जांच के अनुशंसा मटियाबान्धी के वीडियो को दी तो पता चला कि इसमें बहुत बड़ा रैकेट काम किया है, लगभग 300से ज्यादा बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना है जिसमें 116 लोगों का प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया है, जिला के ऊउ ने बताया है पूरे मामले की जांच चल रही है और जो भी लोग होंगे दोषी उन्हें बक्सर नहीं जाएगा ह्ल जिले के डीसी ने कहा कि एक शिकायत आयी है, मटियाबांन्धी गाँव की है जहाँ काफी तादाद मे फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बना है. तादाद काफी है लेकिन पहले जांच मे हमने 118 जन्म प्रमाण पत्र पाया है, जो गलत तरीके से बनाया गया है, जिसको रद्द करने की अनुशंसा की है और एक जांच कमिटी बना दिया है जो हर पहलु पर जांच करेंगी और जो भी दोषी है उनको नहीं बक्शा जाएगा कड़ी करवाई होंगी जांच जारी है, एसडीओ के नेतृत्व में टीम कार्रवाई कर रही है, कई लोगों के मोबाइल और कंप्यूटर सील किए गए हैं, कई प्रज्ञा केंद्र कि जांच हो रही है, कई प्रज्ञा केंद्र बंद पड़े हुए हैं, बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज के तहत यह प्रमाण पत्र बनाए गए हैं

## सार-संक्षेप

### झामुमो प्रखंड कमिटी मैया सम्मान योजना के त्रुटियों के सुधार के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर से मिला



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पोटका।** विधायक संजीव सरदार के निर्देश पर झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी मंगलवार को मैया सम्मान योजना से संबंधित मुद्दों पर पोटका प्रखंड, पेंशन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर बरियार हाँसदा से मटकू पंचायत के विभिन्न गांवों के लाभुको के साथ मिला। पोटका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से मैया सम्मान योजना से संबंधित कई प्रकार के विसंगतियां को बताया। 34 पंचायत के पंचायत सचिवों को भौतिक सत्यापन हेतु लाभुकों की सूची भेजा गया है उक्त सूची में जिनका नाम है पंचायत सेवक भौतिक सत्यापन करेंगे और विसंगतियां में सुधार होगी। जिसका पंचायत सचिव के पास उपलब्ध सूची में नाम नहीं है उसका भी कार्य निष्पादन बहुत जल्दी प्रखंड मुख्यालय से होगा। विधायक श्री सरदार ने प्रखंड कमेटी को निर्देश दिया है कि पंचायत कमेटी अपने पंचायत में बैठक कर महिलाओं के बीच संवाद स्थापित करेंगे ताकि मैया योजना के बिसगतियों तथा त्रुटियों का पता चल सके। प्रखंड कमेटी मंगलवार, शुक्रवार प्रखंड कार्य दिवस के दिन कैंप कार्यालय के माध्यम से महिलाओं को सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, कोषाध्यक्ष अनुपम मंडल, चक्रधर महतो, हितेश भकत, वीरेंन पात्रों,पंचायत अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य दुखु मारड़ी आदि उपस्थित थे।

### देवेंद्र नाथ महतो अध्यक्ष तथा ईश्वर लाल सरदार कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पोटका।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला शाखा पूर्वी सिंहभूम का एक बैठक पोटका प्रखंड के सभागार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र नाथ महतो ने किया। बैठक में महासंघ के पोटका प्रखंड कमिटी का गठन हुआ तथा राज्य सम्मेलन तथा अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।
प्रखंड कमिटी के लिए अध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर लाल सरदार, उपाध्यक्ष शांति राम सारंगी, रजनी कांत दास, अनूप कुंडू, प्रखंड मंत्री जितेंद्र सरदार, उप प्रखंड मंत्री जगपति मंडल, संयुक्त मंत्री करना सोरेन, राम कृष्ण
पातर, सुखलाल हेंब्रम, कोषाध्यक्ष रविन्द्र नाथ मायती, सह कोषाध्यक्ष गौतम मनी, कार्यालय मंत्री तापस कुमार त्रिपाठी, ऑडिटर मंगल महतो, संघर्ष मंत्री सूरज कुमार, उप संघर्ष मंत्री संजय कुमार सिंह को चुना गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जिला मंत्री महावीर महतो, जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

### बंद पड़ी राखा कॉपर माइंस चालू करने को लेकर 24 साल बाद कंपनी प्रबंधन हुई रेस

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मुसाबनी अंचलाधिकारी ऋषि केश मरांडी ने जारी की नोटिस**

**जादूगोड़ा :** वर्ष 2001 जुलाई से बन्द पड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट राखा कॉपर माइंस को 24 साल बाद चालू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।इधर आगामी 9 मई , 10 मई व 13 मई को कंपनी के आस_ पास के छह गांव में जनसुनाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बाबत मुसाबनी अंचलाधिकारी अंचलाधिकारी ऋषीकेश मरांडी द्वारा विधिवत नोटिस जारी कर दी गई है। इधर नोटिस के तहत आगामी 9 मई को कुमीमुढ़ी व रुआम, दूसरे दिन 10 मई को तेतुलडागा व माटीगोंडा वअंतिम दिन 13 मई को कुलामारा व इंचडा में राखा कॉपर। माइंस की 98.932हेक्टेयर भूमि एफ आर ए 2006 के अनुसार जो वन भूमि क्षेत्र में है अनापति प्रमाणपत्र हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। पत्र को प्रतिलिपि एच सी एल / आई सी सी के कार्यकारी निर्देशक,उपायुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधानो की भेजी गई है।

### यूसिल के वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए बने मोटिवेशन गुरु, भविष्य में आगे कैसे बढ़ना है सिखाए गुर



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जादूगोड़ा :**यूसिल के वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास कंपनी द्वारा संचालित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के बारहवीं कक्षा में बच्चों के बीच आज मंगलवार को मोटिवेशन गुरु के रूप में सामने आए । इस दौरान उन्होंने भविष्य में आगे कैसे बढ़ना है ।जिसको लेकर धैर्य, शौर्य, हार्ड वर्क के समन्वय ,परिवार के प्रति कर्त्तव्य का भी उन्होंने बच्चों में संस्कार का भी बोध कराया। उन्होंने ज्ञान का विकास, बैज्ञानिक सोच,देश के विकास में ज्ञान का दृष्टिकोण, दुनिया में प्रतिष्ठा कायम हो इस पर अपनी राय रखी।इस कार्यक्रम में तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से पी के ताम्रकार, ।परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य नीरज बालोटिया, समेत नरवा पहाड़ व तूरामडीह परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने हिस्सा लिया।

### मजदूर दिवस पर घोड़ा बाबा प्रांगण में होगा कार्यक्रम

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया ।**कोल्हान मजदूर यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक पूर्व विधायक अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर प्रांगण में मजदूरों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः दस बजे से किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक अरविंद सिंह करेंगे। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश नारायण चौबे और केपी सोरेन मौजूद रहेंगे। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन बसन्त कुमार प्रसाद ने किया।

## जनप्रतिनिधियों के लंबित मानदेय सहित पंचायत से जुड़ी समस्याओं को लेकर जमशेदपुर प्रखंड के मुखिया साथियों ने बीडीओ से की मुलाकात

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**पोटका।** जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया साथियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात की। बैठक में पंचायत संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों के लंबे समय से लंबित मानदेय भुगतान का विषय सबसे प्रमुख रहा।
मुख्य रूप से रखे गए मुद्दे निम्नलिखित रहेः
मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान किया जाए। पंचायत स्तर पर मासिक बैठकों की अनिवार्यता व नियमितता की जाए।
मनरेगा योजना के सामग्री और मजदूरी भुगतान में तेजी की जाए।
पंचायत भवनों व अन्य संस्थानों के बिजली बिल की समस्या का निदान किया जाए।
आवास प्लस योजना के तहत लंबित लाभार्थियों का निष्पादन
पंचायत भवन व स्कूलों में सौर ऊर्जा (सोलर पैनल) की आवश्यकता
खराब चापाकलों की मरम्मत एवं सोलर जलमीनार की मरमती आदि पर विशेष चर्चा किया गया।
बीडीओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और यथाशीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।
बैठक में जमशेदपुर प्रखंड के निम्नलिखित मुखिया साथी विशेष रूप से उपस्थित रहेः
नीनू कुदादा, सींगों मुर्मू, सुमी कराई, राकेश मुर्मू, कान्हु मुर्मू,सुनील किस्कू, जोबा मार्डी, चम्पा माझी, सालगे हांसदा,सुमन सिरका, सुजाता हांसदा सहित अन्य कई मुखिया साथीगण।
मुखिया साथियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सशक्त करने और पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इस प्रकार की पहल जारी रहेगी।

## 1 मई को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर एकता विशाल महारैली का होगा आयोजन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया ।**झारखण्ड मजदूर यूनियन की जिला समिति की और से 1 मई को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर एकता विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा। यह महारैली आदित्यपुर गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करेगी। आरआईटी थाना क्षेत्र के मिरूडीह स्थित सिदो कान्हो की प्रतिमा स्थल से महारैली आरम्भ होगी जो आरआईटी मोड़ से आदित्यपुर- कांड्रा मुख्य मार्ग होते हुए गम्हरिया थाना मोड़. से सटे उपरबेड़ा मैदान मे स्थित मजदुर नेता स्व0 रतिलाल महतो के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के पश्चात सभा में तबदील होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुनील गोराई ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छुट्टी की घोषणा के बावजूद कुछ कंपनियों द्वारा जबरन कार्य कराए जाते हैं। इस वर्ष वैसे कम्पनी प्रबंधन से निवेदन है कि उस दिन छुट्टी की घोषणा के साथ वेतन भुगतान भी करें। कहा कि सूचना मिलने पर वैसी कम्पनी प्रबंधन के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मजदुर एकता विशाल महारैली में पूरे जिले से 500 से अधिक मजदुर भाग लेगें। इसमें आदित्यपुर व गम्हरिया क्षेत्र से अधिक से अधिक मजदुरों को रैली मे विशेष आमत्रिंत किया गया है। इस अवसर पर जिला महासचिव सनत सिह सरदार, सूरज लोहार, कृष्णा महतो, गणेश टुडु, सुनील हेम्बम, समीर टुडु उपस्थित थे।

## झीमडी निकाह जिहाद विवादः शांति समिति की बैठक औपचारिकता साबित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मुस्लिम समुदाय की अनुपस्थिति से गहराया संदेह .**



**चांडिल** चांडिल अनुमंडल के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झीमडी गांव में लड़की अगवा विवाद को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पंचायत भवन परिसर में डिप्टी एसपी पूजा कुमारी की अध्यक्षता में हुई, लेकिन यह महज एक औपचारिकता बनकर रह गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति न के बराबर रही, जिससे स्थिति सामान्य न होने का संकेत मिला।
बैठक में मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा, नीमडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार, चांडिल बीडीओ तुलेश्वर रुहिदास, पुलिस इंस्पेक्टर, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, नीमडीह थाना प्रभारी संत कुमार समेत पीड़ित युवती के परिजन, महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

**मुस्लिम समुदाय से दो बैठक में**

हालांकि मुस्लिम समुदाय की ओर से मात्र दो लोग-मो क्लेम साईं और मुरू गांव से एक युवक-ही शामिल हुए।
ग्रामीणों का प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप । महिलाओं का कहना था कि नीमडीह थाना प्रभारी संत कुमार निर्दोष लोगों को भी जेल भेज रहे हैं। बैठक में कई महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित जरूर थे, लेकिन अधिकांश ग्रामीण डरे और सहमे हुए नजर आए। भाषा की भी बाधा सामने आई, जहां ग्रामीण स्थानीय राढ़ बंगला बोलते हैं, वहीं प्रशासनिक अधिकारी हिन्दी में संवाद करते रहे, जिससे आधी बातें अधूरी रह गईं।

**ग्रामीणों को आश्वासन**

बैठक में बीडीओ अभिनव कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि घटना की पुनरावृत्ति न हो, सभी मिलकर सामाजिक सौहार्द बनाए रखें और पीड़िता की वापसी पर उसे अपनाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दोषियों पर ही कार्रवाई होगी, निदोर्षों को नहीं छेड़ा जाएगा।

**26 से ग्रामीणों की जिंदगी पर पुलिस के भय का साया**

इस बीच, झीमडी गांव का डेली बाजार, जो सुबह 5 बजे से लगना शुरू हो जाता था, घटना के बाद 26 अप्रैल से पूरी तरह बंद है। गांव के लोग आजीविका छोड़कर पुलिसिया कार्रवाई के डर से पलायन कर चुके हैं। अब गांव में सन्नाटा पसरा है और ग्रामीण कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**पुलिसिया करवाई पर ग्रामीणों का सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस मुस्लिम समुदाय को बचा रही है और हिन्दू समुदाय के निर्दोष लोगों को फंसा रही है। अब तक थाना प्रभारी संत कुमार द्वारा 7 लोगों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि 28 नामजद और 100 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

**शांति समिति बैठक पर पुलिसिया धमक का साया**

शांति समिति की बैठक से अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पाया। मुस्लिम समुदाय की अनुपस्थिति और ग्रामीणों की दहशत यह दिखा रही है कि झीमडी गांव में हालात अभी सामान्य नहीं हैं।

## सरायकेला में पशु तस्करी का खुलासा,दलभंगा ओपी पुलिस को बड़ी सफलता

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



सरायकेला जिले के सरायकेला-खरसावां जिले के दलभंगा ओपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. जहां एसपी को मिले ने गुप्त सूचना पर पुलिस ने 70 जोड़ी बैलों को बरामद किया है. सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार और करीब 70 जोड़ी बैलों की बरामदगी हुई है. हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. मिली जानकारी के अनुसार पशु तस्कर जंगली क्षेत्र का सहारा लेकर लगातार पश्चिमी सिंहभूम जिला से होते हुए बंगाल की ओर अक्सर मवेशी लेकर आते- जाते हैं. इसकी शिकायत लगातार पुलिस अधीक्षक को मिल रही थी. उसके बाद पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया. एसआईटी ने इन बैलों को तरम्बा के जंगलों से जप्त किया है. बताया जा रहा है कि इन्हें सियाडीह- तरम्बा क्षेत्र से बरामद किया गया है. इस रास्ते इन बैलों को राडगांव होते हुए बंगाल में प्रवेश कराया जाता है. मालूम हो कि पिछले साल कुचाई थाना पुलिस ने करीब 40 जोड़ी बैलों को इन्ही इलाकों से जप्त किया था. अब एकबार फिर से इतने बड़े पैमाने पर मवेशियों की बरामद की से साफ हो जाता है कि पशु तस्कर इन इलाकों में सक्रिय हैं जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की भूमिका भी संदिग्ध है.

## जादूगोड़ा में पोटका के पूर्व विधायक सनातन माझी की मनी चौथी पुण्य तिथि

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**शिक्षा के क्षेत्र में सनातन माझी का योगदान अतुलनीयःसुशील हांसदा**



**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा से सटे बाली जुडी में पोटका के पूर्व विधायक सह झारखण्ड आंदोलनकारी स्वर्गीय सनातन माझी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गईइधर इस मौके कर बालीजुडी चौक पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।इस मौके पर आयोजित समारोह की संबोधित करते हुए सुशील हांसदा ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र ने में उनके द्वारा किये गए अविस्मरणीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।वे सरल व मृदुभाषी स्वभाव को वजह से सभी के चहेते थे।। इस मौके पर मुख्य रूप ।पोटका विधायक की गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी रोनिता सरदार, तरफ परगना से सुशील हांसदा मोचीराम हांसदा, असित मंडल, परिमल मंडल, तुषार मंडल, देव पालित, कुशो मंडल और काफी संख्या में में लोग मौजूद थे.।

## चाईबासा के चक्रधरपुर पहुंचे यूपी के जौनपुर के मृतक मर्चेंट नेवी शिवेंद्र प्रताप सिंह के परिजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**रामगोपाल जेना**

**रेलवे अस्पताल से शव लेकर लौटे, मनोहरपुर के मर्चेंट नेवी आह्लाद नंदन महतो के शव के आने का परिजन कर रहे इंतजार**

**चक्रधरपुर** एक महीने पहले ईरान में शिप में ड्यूटी के दौरान हादसे में पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के मनोहरपुर के तरतरा गांव के मर्चेंट नेवी आह्लाद नंदन महतो और उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी मर्चेंट नेवी शिवेंद्र प्रताप सिंह की मौत हो गई थी। घटना के एक महीने बाद कल शव आने की प्रक्रिया में गलती से यूपी के जौनपुर निवासी मृतक मर्चेंट नेवी शिवेंद्र प्रताप सिंह का शव मनोहरपुर पहुंच गया था। जिसके बाद इस शव को प्रशासन द्वारा चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल स्थित शीत गृह में रखा गया था। आज उत्तर प्रदेश से मृतक मर्चेंट नेवी शिवेंद्र प्रताप सिंह के परिजन चक्रधरपुर पहुंचे और एसडीओ की मौजूदगी में शव को लेकर गए। अब मनोहरपुर क्षेत्र के मर्चेंट नेवी आह्लाद नंदन महतो का शव ईरान में ही है और उसके परिजन उसे भारत भेजने के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क कर प्रक्रिया कर रहे हैं।

# व्यवसायिक परिसर चौहान स्टेट की लिफ्ट के होल में गिरने से युवक की मौत

राष्ट्र संवाद(छ:ग)कमाल अहमद



**भिलाई:-** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिसर चौहान स्टेट में मेंटेनेंस में लापरवाही के कारण एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे का कारण मेंटेनेंस में लापरवाही सामने आई है,युवक चौहान स्टेट के तीसरे माले पर था और लिफ्ट का दरवाजा खुला था जबकि लिफ्ट नीचे की ओर थी। धोखे से युवक लिफ्ट के होल में गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को लिफ्ट के होल से निकालने के लिए एसडीआरएफ का सहारा लेना पड़ा। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रस्सी के जरिए होल में प्रवेश किया और घायल युवक को बाहर निकाला। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। फिलहाल इस पूरे मामले में सुपेला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक घटना मंगलवार की सुबह 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक युवक की पहचान राजा बान्दे (40) निवासी सुभाष चौक डुंडेरा उतई के रूप में हुई है। राजा बान्दे चौहान स्टेट के तीसरे माले पर था और नीचे जाने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल करना चाह रहा था। चुंकी लिफ्ट का दरवाजा खुला था तो उसने सोचा लिफ्ट उसी फ्लोर पर है इसलिए उसने पैर डाल दिया। पैर डालते ही वह गिर गया और पहले फ्लोर पर स्थित लिफ्ट की छत पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
राजा बान्दे तीसरे माले से लिफ्ट के होल में गिरकर घायल अवस्था में पड़ा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचना भेजी। सुबह पांच बजे एसडीआरएफ को इसकी जानकारी मिली और तत्काल टीम को भेजा गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने रेस्क्यू शुरू किया। एसडीआरएफ जवानों द्वारा बड़े बहादुरी से सुरक्षा के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर लिफ्ट में रस्सी के सहारे उतर कर युवक को बड़े सावधानी पूर्वक निकाला गया। इसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया। जब राजा बान्दे को निकाला गया तो वह जिंदा था लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल राजा बांधे के शव को सुपेला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाया गया है।

**चौहान स्टेट में चार माह में दूसरा लिफ्ट हादसा**

बता दें चौहान स्टेट में लिफ्ट हादसा कोई नया नहीं है। चार माह पहले भी यहां एक ऐसा ही हादसा हो चुका है। चार महीने पहले यहां चौथी मंजिल से गिरकर युवक की मौत हुई थी। मृतक की पहचान विनय गुप्ता (32) निवासी कर्मा स्कूल के पीछे वार्ड-17 सुपेला के रूप में हुई थी। युवक आकाश गंगा मार्केट में नारियल पानी बेचता था। इस मामले में भी लिफ्ट के मेंटेनेंस में बड़ी लापरवाही। फिलहाल सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्यपाल को भाजपा नेताओं ने दिया ज्ञापन, विधानसभा से 18 विधायकों का निलंबन रद्द करने की मांग की



**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा ने सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर 18 विधायकों के निलंबन को रद्द करने की मांग की। भाजपा ने इस निलंबन को अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक बताया है। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर को निलंबन पर पुनर्विचार करने और विधायकों को फिर से जनता की सेवा करने का अवसर देने के निर्देश दें।

क्या है पूरा मामला?

21 मार्च को विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन, भाजपा विधायकों ने सदन में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। वे मुस्लिम समुदाय को सार्वजनिक ठेकों में 4त्न आरक्षण दिए जाने और सहकारिता मंत्री के. एन. राजन्ना के खिलाफ हनी ट्रैप मामले में न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे। विरोध के दौरान कुछ विधायक अध्यक्ष की कुर्सी के पास चढ़ गए और कुछ ने सदन के वेल में आकर कागज फेंके। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने 18 विधायकों को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया और मार्शलों के जरिये उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला गया।

**भाजपा ने रखा अपना पक्ष:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि निलंबन न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि विधायकों को जनता की सेवा से रोक रहा है। अशोक ने कहा, सदन में भाग लेना हमारा अधिकार है। कांग्रेस सरकार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने पहले ही विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से बात की थी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और सरकार व संबंधित मंत्री से इस बारे में बात करने का आश्वासन दिया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि निलंबन पूरे सत्र तक सीमित रहना चाहिए था, छह महीने तक नहीं।

**विधानसभा अध्यक्ष का जवाब:** विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सब कुछ संविधान और नियमों के अनुसार होगा।

**भाजपा ने अपने ज्ञापन में क्या कहा?:** भाजपा ने अपने ज्ञापन में कहा कि उनके विधायक केवल विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसे गलत तरीके से देखा गया। उन्होंने कहा कि अगर उस दिन अध्यक्ष उनसे बातचीत करते, तो वे अपना पक्ष स्पष्ट करते और सदन व अध्यक्ष का सम्मान जताते। लेकिन बिना सुनवाई का मौका दिए 18 विधायकों पर सख्त कार्रवाई कर दी गई। भाजपा ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है और वे हमेशा इसके नियमों और गरिमा का सम्मान करते रहे हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि उनका विरोध किसी भी तरह से अध्यक्ष के प्रति असम्मान का इरादा नहीं था।

**ये हैं निलंबित विधायक:** निलंबित विधायकों में भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा पाटिल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सी. एन. अश्वथ नारायण, एस. आर. विश्वनाथ, बी. ए. बसवराजू, एम. आर. पाटिल, चन्नाबसप्पा, बी. सुरेश गौड़ा, उमनाथ कोटियन, शरणु सालगर, डॉ. शैलेन्द्र बेल्दाले, सी. के. राममूर्ति, यशपाल सुवर्णा, बी. पी. हरिश, भरत शेट्टी, धीरज मुनिराजू, चंद्रू लामानी, मुनिरत्ना और बसवराज मट्टीमुड शामिल हैं।

## नवा रायपुर के आसपास मनोरम स्थलों पर फिल्म एम ए प्रिवियस की जोर शोर से चल रही है शूटिंग

राष्ट्र संवाद(छ:ग)कमाल अहमद

**रायपुर:**-छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग जोरों पर फैमिली ड्रामा और दो भाईयों के प्रेम कहानी पर आधारित है यह फिल्म- राज वर्मा, दीपक साहू, हिरणमयी, अराधना, लक्ष्मीकांत, शमशीर सिवानी, धर्मेन्द्र चौबे,राजेश बाघमार,संजू साहू, अंजलि चौहान निभा रहे है मुख्य भूमिका भिलाई छॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निमार्ता राज वर्मा द्वारा निर्मित और छत्तीसगढी फिल्मों को एक नया आयाम देने वाले छॉलीवुड के पापुलर डायरेक्टर प्रणव झा द्वारा निर्देशित तथा अरण्य फिल्म के बेनर तले बनने वाली फिल्म एमए प्रिवियस की शूटिंग इन दिनों बड़े ही जोर शोर से नवा रायपुर के उपरवारा, बंजारी सहित आस पास क्षेत्रों में चल रही है। इस फिल्म में जहां हिरो की भूमिका छत्तीसगढी फिल्म तरी हरी नाना और दुल्हे राजा से छॉलीवुड में अपना अलग मुकाम बनाने वाले अभिनेता राज वर्मा एवं मोर छइंहा भूइंया पार्ट 2 से छत्तीसगढ के दर्शकों पर अपना अमित छाप छोड? वाले हिरो दीपक साहू है। वहीं फिल्म की हिरोईन की बात करे तो कई सुपरहिट उडि?ा फिल्मों में अपनी महती भूमिका निभाने वाली हिरणमयी दास और एलबम की दुनिया में फेमस होने वाली भिलाई के नेवई की चुलबुली एक्ट्रेस अराधना साहू है। अराधना साहू की एलबम बैला के घांघर बहुत फेमस हुई थी जिसका व्यूव 10 मिलियन तक गया था, इसके अलावा उनकी फेमस एलबम इहि मडवा मा सहित 8-9 फेमस एलबम है, जो दर्शकों को बहुत पसंद आई है। दर्शकों की डिमांड और उनी एक्टिंग को देखते हुए निमार्ता राज वर्मा और निर्देशक प्रणव झा ने अराधना साहू को इस फिल्म के माध्यम से छॉलीवुड में डेब्यू करवा रहे है।
फिल्म के निमार्ता राज वर्मा ने हमारे संवाददाता का बताया कि यह एक फैमिली ड्रामा और दो भाईयों के प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म है।
मैं फिल्म बनाने समय डायरेक्शन और कलाकारों के चयन में कभी किसी चीज से समझौता नही करता-प्रवण झा फिल्म के डायरेक्टर प्रणव झा ने बताया कि मेरी फिल्म कहानी बेस्ट रहती है और उसमें अच्छे एक्टर चार चांद लगा देते है, और सभी गाने कर्णप्रिय होते है, इसके अलावा डायरेक्टशन के समय हर छोटी छोटी चीजों का भी बहुत बारीकी से ध्यान रखना पड़ता है जिसके कारण मेरी फिल्म बीए फस्टीयर, बीए सेकण्डीयर, बीए फाईनल, बेनाम बादशाह, टीना टप्पर सहित मेरी सभी फिल्मे सुपरहीट हुई है। मैं कभी भी किसी चीज से समझौता नही करता। कहानी की जो डिमांड होती है वह पूरा करता हूं तथा कहानी की डिमांड जिस कलाकार की होती है, उस कलाकार को ही मैं अपनी फिल्म में लेता हूं।
श्री झा ने आगे कहा कि जब व्यक्ति का नाम चल जाता है और एक अलग नाम और मुकाम बन जाता है तो सबसे बडा चैलेंज होता है उसको बरकरार रखना और उससे और अच्छा कार्य करना। प्रणव झा ने आगे बताया कि इस फिल्म में छॉलीवुड के एक से एक दिग्गज कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे है। फिल्म के हिरो राज वर्मा, दीपक साहू, लक्ष्मीकांत झा, संजू साहू, राजेश बाघमार अंजलि चौहान,शमशीर सिवानी, धर्मेन्द्र चौबे, ओमप्रकाश शर्मा,संगीता निषाद, राजू सहित अन्य कई प्रसिद्ध एक्टर है। फिल्म में अपना सुमुधर संगीत दिया है खैरागढ संगीत विश्वविद्यालय से गोल्डमेडलिस्ट सुनील सोनी ने तो गीत का लेखन सुनील सोनी और विष्णु कोठारी ने किया है। इस फिल्म के कोरियाग्राफर है चंदन दीप और संजू ताण्डी। रूप सज्जा कांता दा और कास्टिम जीवन निषाद का है। वही फिल्म के सभी दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य छॉलीवुड के युवा डीओपी राज ठाकुर ने किया है

## 2028 तक शुरू हो जाएगी बुलेट ट्रेन; परियोजना में देरी के लिए फडणवीस ने इन्हें ठहराया दोषी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि जापान के सहयोग से बन रही 15 अरब डॉलर की मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना 2028 तक चालू हो जाएगी। फडणवीस ने परियोजना में देरी के लिए उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य अगले चार महीनों में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से 50 अरब डॉलर जुटाएगा। शिव सेना के उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना फडणवीस ने कहा कि 2022 तक के दो साल के शासन में इस परियोजना को



नुकसान हुआ, लेकिन अब काम पूरे जोरों पर है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मामले में गुजरात, महाराष्ट्र से आगे है।एक कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि वधवन पोर्ट अगले 3-4 साल में शुरू हो जाएगा। यह बंदरगाह समुद्र में जमीन बनाकर विकसित किया जा रहा है और इससे लॉजिस्टिक्स की लागत कम होगी। उन्होंने बताया कि वधवन पोर्ट के पास ही बुलेट ट्रेन का स्टॉप भी होगा। साथ ही, यहां समुद्र पर एक हवाईअड्डा भी बनेगा। सीएम ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार ने परियोजना को रोकने का फैसला लिया। इस वजह से परियोजना में 2.5 साल की देरी हुई। अगर हम बुलेट ट्रेन पर 70,000 से 80,000 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं और 2.5 साल तक काम रोक रहे हैं, तो उस पर लगने वाले ब्याज का बोझ कौन उठाएगा। दूसरी ओर गुजरात में बुलेट ट्रेन का काम तेजी से हुआ।फडणवीस ने कहा कि एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के जीएसडीपी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण है। 2014-19 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान बुनियादी ढांचे के निर्माण में 30 अरब डॉलर का निवेश किया गया था और अब महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अधिक धन लगाया जा रहा है। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र नासिक से वधवन पोर्ट तक एक हाईवे भी बना रहा है, जिससे राज्य के 17 जिले इस आधुनिक बंदरगाह से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के बिना राज्य का एक ट्रिलियन डॉलर के जीएसडीपी का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

## नोरी वीजा पर पाकिस्तान गए 70 लोगों की अटारी बार्डर से भारत वापसी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** नो ऑब्जेक्शन रिर्टन टू इंडिया (नोरी) वीजा लेकर पाकिस्तान जाने वाले नागरिकों की सोमवार से भारत वापसी शुरू हो गई है। अभी तक नोरी वीजा धारकों की अटारी बार्डर से भारत में एंट्री नहीं हो रही थी। विदेश मंत्रालय की स्वीकृति के बाद सोमवार को 70 ऐसे लोगों ने भारत में प्रवेश किया, जो लंबी अवधिक अथवा नोरी वीजा के तहत पाकिस्तान गए हुए थे। अटारी बाघा बार्डर पर तैनात प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार बाद दोपहर तीन बजे तक पाकिस्तान से 254 लोगों ने भारत में प्रवेश किया। इसके अलावा कस्टम व अन्य क्लीयरेंस के बाद आज 145 पाकिस्तानी नागरिकों ने अटारी-बाघा सीमा के रास्ते अपने देश में वापसी की है। उन्होंने बताया कि बॉर्डर पर पाकिस्तान की तरफ जाने वाले तथा उधर से आने वाले लोगों की वेरिफिकेशन का काम लगातार जारी है। सोमवार तक कुल 682 लोग पाकिस्तान वापस जा चुके हैं। दूसरी तरफ 1104 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं।

## हिम्मत है तो भारत आकर दिखाओ..., बिलावल भुट्टो के भड़काऊ बयान पर जलशक्ति मंत्री की चुनौती

**सूरत (गुजरात),एजेंसी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने पाकिस्तानी नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के भड़काऊ बयान पर पलटवार किया। पाटिल ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि ऐसे दहाड़ने का कोई मतलब नहीं है। अगर हिम्मत है तो भारत आकर दिखाएं। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौता निलंबित होने के बाद भुट्टो ने धमकी दी थी कि अगर पानी रोका गया तो नदियों में खून बहेगा। सूरत में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटिल ने कहा, मोदीजी कहते हैं- जल है तो बल है (पानी है



तो ताकत है)। मोदी साहब ने कहा था कि (सिंधु जल संधि के तहत) पाकिस्तान को पानी नहीं मिलना चाहिए। इस पर बिलावल गुस्से में आ गए। वह कहते हैं कि अगर नदी का पानी नहीं मिलेगा तो भारत में खून की नदियां बहेंगी। भाजपा सांसद ने आगे कहा, क्या इससे हम डर जाएंगे? मैं उनसे (भुट्टो) कहता हूं- भाई अगर आपके पास थोड़ी सी हिम्मत है तो यहां आओ। यह दहाड़ पर ध्यान न दो, पानी बचाना हमारी जिम्मेदारी है। पाटिल रविवार को वर्षा जल संचयन के लिए 2,500 से अधिक ढांचों के निर्माण कार्य के शुभारंभ बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जनभागीदारी से जल संरक्षण कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पानी बचाने का संकल्प लिया। भुट्टो ने शुक्रवार को कहा था, सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा। या तो हमारा पानी इसके जरिए बहेगा या खून बहेगा। भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, जब तक इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन स्थायी रूप से बंद नहीं कर देता। सिंधु जल समझौते में छह नदियां शामिल हैं- सिंधु, रावी, ब्यास, सतलुज, झेलम और चेनाब। दाहिने छोर की सहायक नदी भारत से नहीं बहती। रावी, ब्यास और सतलज को पूर्वी नदियां कहा जाता है, जबकि चेनाब, झेलम और सिंधु को पश्चिमी नदियां कहा जाता है।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
शशि भूषण दूबे कंचनीय/मोहम्मद अमीन शेख



**मीरजापुर** ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर प्लान ऑफ एक्शन कार्य योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर लगाने का निर्देश दिया है ।इसी निर्देश के क्रम में नगर के सिविल लाइन स्थित सिटी क्लब प्रेक्षा गृह सभागार में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विनय आर्या(अपर जनपद न्यायाधीश) पहुंचे ।जहां उन्होंने सफाई नायकों,कर्मचारियों के साथ शिविर में भाग लिया ।शिविर में सफाई नायकों को जागरूकता के साथ एवं विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई। ठोस अपशिष्ट निस्तारण के लिए वार्डो से निकलने वाले गीले सूखे कूड़े को अलग अलग उठाने के लिए कहा गया ।इस मौके पर सभासद नीरज गुप्ता,कृष्ण कुमार,रंजीत, डीपीएम संजय सिंह,सूर्य कुमार यादव,सीएसआई मनोज सेठ सहित स्वच्छत भारत मिशन की टीम,सफाई निरीक्षक,सफाई नायक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कछुआ सेंचुरी में अवैध बालू खनन के खिलाफ गंगा वारियर्स का गोगांव गंगा घाट पर धरना-प्रदर्शन, आमरण अनशन की चेतावनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शशि भूषण दूबे
कंचनीय/मोहम्मद अमीन शेख



**मीरजापुर** । सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर घोषित कछुआ सेंचुरी क्षेत्र में गोगांव ग्राम के गंगा घाट पर अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ गंगा वारियर्स ने मंगलवार सुबह जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गंगा वारियर्स के नेता सुभाष चंद्र ओझा के नेतृत्व में गंगा दूतों और सामाजिक कार्यकताओं ने मौन पदयात्रा के बाद दो घंटे तक प्रतीकात्मक धरना-प्रदर्शन किया। जिला गंगा समिति के बैनर तले वन एवं वन्य जीव सुरक्षा माह के तहत मछलियों को चारा खिलाया गया और ग्रामीणों को जलीय जीवों के संरक्षण तथा अवैध बालू खनन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।
प्रदर्शन के दौरान ह्लयुगों-युगों का नाता है, गंगा हमारी माता हैह्व, ह्लहर हर गंगे, नमामि गंगेह्व, ह्लअविरल गंगा, निर्मल गंगाह्व जैसे नारे गूंजे। गंगा वारियर्स ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उन्होंने नोडल अधिकारी डीएफओ, प्रयागराज को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। एसडीएम सदर के निर्देश पर गोगांव के आठ, हरगढ़ के दो और 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अवैध खनन और परिवहन पर रोक नहीं लग पाई।
गंगा वारियर्स ने मां गंगा को साक्षी मानकर संकल्प लिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर अवैध खनन और परिवहन पर सख्त पाबंदी नहीं लगाई गई, तो वे गंगा के पानी में गले तक खड़े होकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। प्रदर्शन में प्रेमचंद उर्फ बबलू चतुर्वेदी, रतनलाल दुबे, राहुल सिंह, आदर्श मिश्रा, आदर्श दुबे, विंध्य प्रकाश, जायसवाल, विकास सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जनपद मीरजापुर से प्रयागराज हाईवे NH 35 पर मालवाहक वाहनों के लिए नो एंट्री लागू

राष्ट्र संवाद संवाददाता शशि भूषण दूबे कंचनीय/मोहम्मद अमीन खान



मीरजापुर में जनहित और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से प्रयागराज से मीरजापुर हाईवे पर मालवाहक वाहनों के विंध्याचल से मीरजापुर प्रवेश पर सख्त पाबंदी लागू है। प्रशासन के निर्देश के अनुसार, पिछले कई महीनों से इस हाईवे पर सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। इस अवधि में हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की हिदायत दी गई है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। नो एंट्री के नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान व अन्य कठोर कार्रवाई की जा रही है ।प्रशासन का कहना है कि इस कदम से सड़क पर जाम की समस्या में कमी आई है और आम यात्रियों के लिए आवागमन पहले से अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। साथ ही, दुर्घटनाओं में भी गिरावट दर्ज की गई है ।यातायात विभाग ने वाहन स्वामियों और चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय का पालन करें और सहयोग करते हुए व्यवस्था को सफल बनाने में मदद करें।

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स में सक्रिय हैं डीजल चोर, दो गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद कोरबा(छ:ग)कमाल अहमद

**कोरबा:**-हर समय जिले के कोयला खदान में डीजल चोर सक्रिय रहते हैं समय-समय पर बड़े-बड़े डीजल चोर गैंग पकड़े जाते रहे हैं, नगर पालिका चुनाव से पहले तीन गैंग गेवरा दीपका खदान से डीजल चोरी में पकड़े गए थे जो बड़े पैमाने पर डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिए थे यहां लोगों का मानना और चर्चा यह रहती है कि यहां डीजल चोरों का साम्राज्य चलता है। फिर एक बार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड के कोयला खदान में डीजल चोर पकड़े गए हैं। इस डीजल चोरी की घटना से यह प्रतीत होता है कि चोर आज भी सक्रिय है, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की सूचना पर कार्रवाई की गई। कुसमुंडा और चैत्मा क्षेत्र के रहने वाले दो आरोपियों को इस सिलसिले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 210 लीटर डीजल और दो गाडि?ां जब्त की गई है।
दीपका पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। उमाकांत सारथी और अनुराग रजक को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 20000 कीमत का 210 लीटर डीजल प्राप्त हुआ है जो 6 जरीकेन में मिला। आरोपियों के द्वारा उपयोग में लाई गई बोलोरो कैंपर संख्या सीजी 16 सीपी 8988 और बुलेट क्रमांक सीजी 12 बीआर 9762 को भी जप्त किया गया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि एसईसीएल की ओर से खदानों में बढ़ती चोरियों के बारे में अवगत कराया गया था जिस पर संज्ञान लिया गया। आसपास में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। लोकल इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर एएसआई जितेश सिंह, खगेश राठौर और टीम को हमने एक्टिव किया जिसने एक इलाके में इस नजारे को देखा। इस प्रकरण में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लगता है कि कोई सिंडिकेट इस प्रकार की घटनाओं के पीछे काम कर रहा है। उस तक पहुंचने के लिए आवश्यक कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी दीपका पुलिस की ओर से डीजल चोरी के अनेक मामलों में कार्रवाई की गई है।

₹सुरक्षा प्रबंध पर उठ रहे सवाल₹

सबसे बड़ा सवाल इस बात का है कि आखिर खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड हर महीने एक बड़ी धनराशि खर्च करता है फिर उसका क्या मतलब? बड़ी संख्या में सिक्योरिटी मैनपॉवर डेप्लॉय करने के बावजूद डीजल चोरों की उपस्थिति खदान इलाके में पाया जाना अपने आप में बडे से भी बडा सवाल खड़े करती है। कहा जा रहा है कि जब हर रास्ते पर चेक पोस्ट बने हैं और जांच पड़ताल के बाद ही कर्मचारी और प्रबंधन की गाडि?ां आगे जा ती है तो फिर चोर कौन से गुप्त रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। जबकि पूरे खदान में सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग होती है अगर इन्हें भीतर पहुंचने में कहीं ना कहीं से आसानी है तभी तो लोगों में चर्चा रहती है कि दाल में कुछ तो काला है।

# महिला संवाद: 368 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का हुआ सफल आयोजन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**अब तक शामिल हुई 1 लाख से अधिक महिलाएं**

**1855 ग्राम संगठनों में आयोजित होगा कार्यक्रम**

**-सरकार से संवाद का अनूठा मंच बना महिला संवाद**

बेगूसराय जिला अंतर्गत महिला संवाद के 12वें दिन मंगलवार को 16 प्रखंडों के 32 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिले में अबतक 368 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया जा चुका है। इन कार्यक्रमों में लगभग 1 लाख जीविका से जुड़ी एवं गैर जीविका दीदियां उत्साह पूर्वक भाग ले चुकी है।

महिला संवाद सरकार से सीधा संवाद का बना मंच

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम में जहां महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी महिलाओं के साथ साझा की जा रही है, वहीं महिलाओं द्वारा इन योजनाओं से हुए लाभ को भी अन्य दीदियों के साथ साझा कर रही हैं। दीदियां योजनाओं को और बेहतर बनाने का सुझाव भी संजीदगी के साथ दे रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ अब अपने सपनों और आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए उम्मीदों का एक ऐसा मंच साबित



हो रहा है, जहाँ वे न केवल अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी कर रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएँ अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सीधे सरकार तक पहुँचा रही हैं।

**आधी आबादी के हित के लिए योजनाओं की हो रही मांग**

महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के विकास में आधी आबादी ने अपनी भागीदारी तो दिया ही है, वहीं कई ऐसी मांग भी रखी हैं जो इसकी उनके सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करे। संवाद कार्यक्रम में गाँव की महिलाएं गाँव के विकास के लिए अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सुचिबद्ध करा रही हैं और उसे ऑन लाइन अद्यतन भी करा रही हैं।

**बेगूसराय में 1885 ग्राम संगठनों में आयोजित होगा कार्यक्रम**

राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत बेगूसराय में 18 अप्रैल से प्रारम्भ महिला संवाद कार्यक्रम 15 जून तक चलेगा और यह 1885 ग्राम संगठनों में आयोजित किया जाएगा। आजतक 368 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की सफलता पर आधारित 3 फिल्में महिला संवाद रथ द्वारा प्रदर्शित की जाती है। इन फिल्मों में महिला आरक्षण, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), नशामुक्ति अभियान, बाल-विवाह, दहेज प्रथा उन्नमूलन अभियान, मुख्यमंत्री मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना आदि की जानकारी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है। साथ ही महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित लीफलेट का वितरण किया जा रहा है। महिलाओं के बीच माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वितरण भी किया जा रहा है।

## एनटीपीसी बरौनी सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा को मिला नया फोम टेंडर

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

एनटीपीसी बरौनी के अग्नि शमन शाखा में एक नई मल्टीपर्पस फोम टेंडर का औपचारिक उद्घाटन श्री जय दीप घोष (परियोजना प्रमुख) के द्वारा ,श्री आकाश सक्सेना उप कमांडेंट,श्री साधु खान,श्री सुशील चंद्र बोई एवं अन्य ए.न.टी.पी.सी एवं उकरा के अधिकारी गण की उपस्थिति में किया गया । अग्नि शमन शाखा के प्रमुख श्री भास्कर दास सा. समादेष्टा अग्नि के द्वारा बताया गया कि यह नई मल्टीपरपस फोम टेंडर सामिल हो जाने से अग्नि शमन शाखा और मजबूत हो गई है।,श्री आकाश सक्सेना उप कमांडेंट ने कहा कि किसी भी आपातकालीन समस्या से निपटने में सहायता




मिलेगी। परियोजना प्रमुख श्री जय दीप घोष ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा आने वाले समय और एक फायर टेंडर भी जल्द से जल्द अग्नि शमन शाखा को उपलब्ध कराया जाएगा जिससे कि उकरा के द्वारा ना केवल परियोजना के अंतर्गत बल्कि परियोजना के बाहर भी किसी भी अग्नि दुर्घटना प्रबंधन में बेहतर कामयाबी प्राप्त होगी। इससे अग्नि प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी। वाहन का उद्घाटन नारियल तोड़ कर पारंपरिक पूजा पाठ के उपरान्त फीता काट कर एवं झंडा दिखा कर परियोजना प्रमुख द्वारा किया गया। तत्पश्चात CISF FIRE WINGद्वारा वाहन से विभिन्न प्रकार के फायर फाइटिंग प्रदर्शन किया गया जिसका उपस्थित अधिकारियों ने सराहना कि। इस आयोजन का संचालन नि.अग्नि जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण में सरकार और आमजन की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**अमरूद पौधा का छात्र छात्राओं के बीच किया गया वितरण।**



**बेगूसराय।** राजकुमारी अयोध्या विधि महाविद्यालय बेगूसराय में माया कौशल्या फाउंडेशन के नेतृत्व में ह्लपर्यावरण संरक्षण में सरकार और आमजन की भूमिकाह्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मुकेश कुमार ने विषय प्रवेश करवाया। मुख्य वक्ता साइकिल पे सन्डे के संयोजक डॉ. कुन्दन कुमार ने कहा की आज जरूरत है कि हम छोटे-छोटे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आत्मसात करें। हमारी जितनी आवश्यकता है, उसी आधार पर हम संसाधनों का उपयोग करें। सीमित संसाधन के उपयोग से ही हम पर्यावरण के लिए जल, जंगल और जमीन को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटी-छोटी यात्राओं को साइकिल से ही निपटाएं। बाजार के लिए निकले तो हमारे हाथ में झोला हो। बाजार से प्लास्टिक के कचरे को घर न ले आएं। हमें अधिकार से पहले कर्तव्य का भी बोध होना चाहिए, तभी जाकर हम पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। इसलिए आज हर व्यक्ति को स्वयं की जिम्मेदारी लेनी होगी कि हम अपने आसपास के वातावरण को कैसे सुंदर बना बनाएं। इसके पूर्व माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव व बच्चों की पाठशाला के संस्थापक रौशन कुमार ने सभी आगत अतिथियों का सम्मान पौधा और अंगवस्त्र देकर किया। इस अवसर पर सभी छात्र- छात्राओं के बीच मिशन हरियाली नूरसराय के द्वारा प्राप्त अमरूद का पौधा वितरित किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर राजकुमार, नवीन, संजीत, मन्नू, सुष्मिता, रहमान, संजीव, मृत्युंजय के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र राय, नीतीश, राजा, छोटू सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जनता दल ( यू )महानगर की बूथ स्तरीय समीक्षात्मक बैठक

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**संगठन विस्तार और मजबूती पर विशेष बल।**

29 अप्रैल को सर्किट हाउस में जनता दल (यू) की एक विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता और संचालन पार्टी के महानगर अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य महानगर क्षेत्र के बूथ स्तरीय संगठन की समीक्षा करना था। साथ ही वर्तमान चुनौतियों का आकलन करना तथा आगामी विधानसभा चुनाव व संगठनात्मक गतिविधियों के लिए सुदृढ़ रणनीति तैयार करना था।मौके पर संगठन के प्रदेश महासचिव शिक्षा प्रकोष्ठ कुन्दन कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू ने जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह को



गमछा और कलम देकर स्वागत किया।बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सह वर्तमान दरभंगा संगठन प्रभारी भूमि पाल राय बूथ अवलोकन के बारे में बताया। बेगूसराय विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार सहनी तथा मटिहानी विधानसभा प्रभारी परशुराम पारस ने भी बूथ समीक्षा पर अपना विचार व्यक्त किया।श्री शिवनंदन सिंह ने सभी प्रभारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बूथ पर समर्पित कार्यकताओं की सूची तैयार की जाए तथा नियमित बैठक और संवाद सुनिश्चित किया जाए।बैठक में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पुराने और सक्रिय नेता नित्यानंद सिंह ने जनता दल (यू ) में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीति, सिद्धांत, और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता न मुझे खींच लाया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में प्रत्येक बूथ पर जन संवाद कार्यक्रम, संगठन विस्तार शिविर, और युवा संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ताकि युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को पार्टी से जोड़ा जा सके।

इस बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जिबू, वार्ड पार्षद गौरव राणा, सेक्टर अध्यक्ष फुलेना राय, उपाध्यक्ष अजय पासवान, युवा अध्यक्ष राजकुमार साह, गणेश चंद्रवंशी, त्रिलोकी सिंह,अरुण तांती, राहुल कुमार, बंगाली पासवान, पूनम देवी, सलमा खातून, रीना देवी, घनश्याम महतो, अरुण तांती, चंद्रशेखर महतो, रोहित रजक, बबलू पासवान, सुमित प्रधान आदि लोगों अपने अपने विचारों को रखा

## मानसिक तनाव में एक युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जांच में जुटे पुलिस। घटना मेघौल पंचायत के वार्ड आठ की।**

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** मेघौल गांव में मानसिक तनाव से ग्रस्त एक युवक ने सोमवार की बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक मेघौल पंचायत के वार्ड आठ निवासी अशोक सिंह का 42 वर्षीय पुत्र दिल मोहन कुमार है. स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक की पत्नी अपने छोटे-छोटे दोनों पुत्रों को साथ लेकर एक सप्ताह पूर्व घर से कहीं चली गयी. बिना कुछ बताये ही पत्नी के घर से चले जाने के कारण दिल मोहन काफी तनाव में रहता था. पड़ोस के लोगों ने बताया कि मृतक की पत्नी जीविका समूह से जुड़ी हुई थी, उसने जीविका समूह से डेढ़ लाख रुपया कर्ज उठा लिया था.

उसी रुपया को लेकर पति पत्नी के बीच आपसी झगड़ा हो गया. जिसके चलते उसकी पत्नी अपने पुत्रों को लेकर कहीं बाहर चली गयी. काफी खोजबीन करने पर भी उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके चलते मृतक तनाव में रहता था. पेशे से दिल मोहन बस चालक था.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे खोदावंदपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, पुअनि कन्हैया कृष्ण एवं मनीर हुसैन ने कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करके मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा उसे पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को उसे सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया.

## 2 मई को वक्फ बिल के खिलाफ आंदोलन होगा



राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

**साहेबपुर कमाल।**अजय जी के दरवाजे पर शंकर यादव की अध्यक्षता में सोमवार को भाकपा - माकपा कार्यकताओं की संयुक्त रूप से बैठक हुई । बैठक में सबसे पहले पहलगाम की घटना पर सभी ने एक सुर मे आतंकी घटना की निंदा की और मारे गए लोगों की याद में मौन धारण किया । इस पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि पार्टी में लिए गए निर्णय के तहत 2 मई 2025 को समय 11:00 दिन प्रखंड मुख्यालय सा कमाल में वकफ बोर्ड अधिनियम 2025 के विरुद्ध एक विशाल आंदोलन होगा । इसकी तैयारी में अभी से ही जुट जाने को कहा । आगे कहा कि एनडीए सरकार के भाजपा नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने समाज में नफरत बांटने के लिए यह कानून लाया है । सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को नियम विरुद्ध बताया । जिसके तहत कुछ बिंदुओं पर अंतरिम रोक लगाया गया । यह कानून मुसलमान विरोधी ही नहीं है यह कानून हिंदू सिख ईसाई के धार्मिक संपत्ति को हड़पने की साजिश है । दुलीचंद यादव लोकल सचिव कॉ रामकुमार सिंह गोपाल पोद्दार राजेश कुमार सुमन मोहम्मद नौशाद चंद यादव बंगाली पासवान महेश साहनी गणेश चौधरी शंकर गुप्ता राम शंकर सिंह अन्य साथी उपस्थित थे ।

## महिला संवाद महिलाओं को सशक्त एवं संबल बनाने का मध्यम बनेगी: बिरजू कुमार

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को प्रखंड के 2 जीविका महिला ग्राम संगठनों में सफलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक बिरजू कुमार, प्रखंड श्रम परवर्तन पदाधिकारी झूमा भंडारी, तथा श्ड की अध्यक्ष, सचिव द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओ ने भाग लिया।

मौके पर जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक बिरजू कुमार ने बताया कि महिला संवाद महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बदलाव लाएगी, राज्य सरकार द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं



कार्यों के बारे में जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण महिलाएं इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही हैं, ताकि वे एवं अन्य महिलाएं इसका समुचित लाभ लें पाएं।

बीपीएम ने बताया कि प्रखंड के कुल 113 जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन होना है। मंगलवार तक कुल 23 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया है।

मंगलवार को प्रथम पाली में मरसेती गौड़ा -2 में सहयोग जीविका महिला ग्राम संगठन एवं द्वितीय पाली में बरौनी -3, फ्लैग में ₹सुहानी जीविका महिला ग्राम संगठन₹ द्वारा संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से उनके सुझाव, अपेक्षाएं एवं आकांक्षाओं को संकलित कर प्राथमिकता का निर्धारण किया गया। आने वाले दिनों में महिलाओं की इन अपेक्षाएं, आकाक्षाओं, विचारों पर सरकार नीतिगत निर्णय लेगी।

महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार के कार्यों की जानकारी ऑडियो-वीडियो के माध्यम से महिलाओं को दी जा रही है।

साथ ही महिला सशक्तीकरण की दिशा में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लीफ्लेट्स के माध्यम से भी दी गयी। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश को दीदियो द्वारा वाचन एवं वितरण भी किया गया।

आयोजन के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने अपना अनुभव भी साझा किया एवं बताया कि उन्हें योजना का लाभ कैसे मिला एवं उससे उनके जीवन में क्या-क्या परिवर्तन आया है।

## सार-संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार युवक जख्मी, घटना मेघौल धर्मगाछी चौक के समीप एस एच 55 की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** सोमवार की दोपहर बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर सीमावर्ती मेघौल धर्मगाछी चौक के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जख्मी युवक की पहचान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के आकोपुर गांव निवासी रामकुमार मिश्र के 34 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार मिश्र के रूप में की गयी है. जख्मी युवक को स्थानीय लोगों ने तत्क्षण उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावंदपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया. जख्मी के परिजनों ने बताया कि राहुल अपने घर से बाइक लेकर मुख्य पथ पर निकल रहा था, तभी तेज गति से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उसकी बाइक में ठोकर मार दिया. घटना की सूचना पाकर पहुंची चेरिया बरियारपुर पुलिस ने दुर्घटनाकारित बाइक के चालक को हिरासत में ले लिया और उसकी बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया है.

### 4 मई से आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम की प्रचार प्रसार को लेकर जिला पदाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




राष्ट्र संवाद ब्यूरो /अशोक कुमार ठाकुर

आगामी 4 मई से 15 मई 2025 तक बेगूसराय जिले में होने वाले खोलो इंडिया यूथ गेम को लेकर जिला पदाधिकारी बेगूसराय ,श्री तुषार सिंगला द्वारा प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर सहायक समाहर्ता-सह- सहायक दंडाधिकारी, बेगूसराय श्री अजय यादव, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, सदर डीएसपी बेगूसराय, नगर आयुक्त बेगूसराय नगर निगम, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बेगूसराय जिले में खेलो इंडिया यूथ गेम पहली बार हो रहा है, यह बेगूसराय जिले के लिए सौभाग्य की बात है। बेगूसराय जिले में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत के अलग-अलग राज्यों 16 टीमें भाग ले रही है, जिसमें पुरूष एवं महिला की आठ-आठ टीमें होगी। पुरूषों की टीमों का मैच यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं महिलाओं की टीम का रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय में मैच होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुरूषों की टीम में बिहार, झारखंड, मिजोरम, मेघालय, दिल्ली, चंडीगढ़, ओड़िसा एवं पश्चिम बंगाल राज्य की टीम होगी वहीं महिलाओं में मणिपुर, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु राज्य की टीमें हिस्सा लेंगी।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि खेल मैदान पूरी तरह से तैयार है, पवेलियन के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी काफी कार्य किया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के ठहरने के लिए अच्छे होटलों को भी चिन्हित किया गया है।

जिला पदाधिकारी ने आईपीएल मैच में शतक लगाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी की चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों में जागरूकता आ रही है, अब बिहार के खिलाड़ी भी देश अपना परचम लहरा रहे है।

जिला पदाधिकारी ने जिले वासियों से दोनों मैदानों में होने वाले मैचों को लेकर भारी संख्या में मैच देखने के लिए अपने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान को सबक सिखाने को कमर कस लिया है: नवीन कुमार




राष्ट्रवाद ब्यूरो/ अशोक कुमार ठाकुर

तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत का बयान राष्ट्र विरोधी है, उसे मांफी मांगना होगाः- किसान मोर्चा।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के हमला के उपरांत संपूर्ण देश आक्रोशित हैं, इसके मध्य किसान नेता नरेश टिकैत ने भारत सरकार द्वारा सिंधु जल समझौता तोड़े जाने को गलत करार वाले बयान से आक्रोशित भाजपा किसान मोर्चा बेगूसराय द्वारा जिलाध्यक्ष सीताराम सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ शहर के कैंटीन चौक पर पुतला दहन किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस वीभत्स घटना के बाद आमजनों में आक्रोश व्याप्त है और नरेंद्र मोदी जी की सरकार पाकिस्तान को सबक सिखाने हेतु कमर कस लिए हैं आतंकवाद का पनाह देने वाले मुल्क को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच अपने को किसान नेता कहने वाले नरेश टिकैत ने जिस प्रकार का बयान राष्ट्र विरोध में दिया है वो उसके मानसिक दिवालियापन को दशार्ता है और बताता है कि नरेश टिकैत को स्वदेश से नहीं बल्कि पाकिस्तान जैसे गद्दार मुल्क से प्रेम है।

वहीं जिलाध्यक्ष सीताराम सिंह ने इस वीभत्स घटना की निंदा करते हुए कहा कि हमें केंद्र सरकार पर पूर्ण भरोसा है कि आतंकियों को अवश्य सबस सिखाएगी। लेकिन नरेश टिकैत को बयान उनके हृदय में पल रहे पाकिस्तान के प्रेम को दशार्ता है जो काफी निंदनीय है उसे मांफी मांगनी चाहिए। मौके पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सरोज राय, जिला उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, ललन सिंह, जिला मंत्री कौशल किशोर सिंह ,जिला प्रवक्ता अविनाश कुमार, राम पुनीत राय ,मंडल अध्यक्ष निलेश कुमार,विनीत कुमार सहित सैक्रो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर छीना 70 हजार रुपया

**पूर्वी चंपारण,** । जिला हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर मे ट्रेक्टर का बकाया रूपया मांगने गए आयसर ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर चाकू का भय दिखाकर 70 हजार रुपया छीन लिया गया है। मामले मे बंजरिया थाना के रोहनिया गाँव के चंद्र विजय कुमार ने थाना मे आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## शाहिद अफरीदी पर भड़का भारत का पूर्व क्रिकेटर, बोला- और कितना गिरोगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी पर निशाना साधा है। पाकिस्तानी क्रिकेटर ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के लिए भारतीय सेना को जिम्मेदार ठहराया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। सोशल मीडिया पर कड़े शब्दों में लिखे गए पोस्ट में शिखर धवन ने शाहिद अफरीदी से पाकिस्तान के हालात पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने भारतीय सेना का समर्थन करते हुए कहा कि देश में हर किसी को सेना पर गर्व है। धवन की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के एक टेलीविजन चैनल पर अफरीदी द्वारा की गई अजीबोगरीब टिप्पणियों के एक दिन बाद आई। अफरीदी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा चूक के कारण आतंकवादी हमला हुआ। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने घटना की कवरेज के लिए मीडिया की भी आलोचना की और भारत से आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत देने को कहा। अफरीदी ने बगैर नाम लिए भारतीय खिलाड़ियों पर भी निशाना साधा था।

शिखर धवन ने क्या कहा?

शिखर धवन ने एक्स पर कहा, कारगिल में भी हारया था, पहले से ही इतना गिरे हो और कितना गिरोगे, बेवजह कमेंट पास करने से अच्छा है अपने देश की तरक्की में दिमाग लगाओ शाहिद अफरीदी। हमें हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। भारत माता की जय ! जय हिंद !

## प्रतिका रावल ने वनडे क्रिकेट में रचा इतिहास, बनी सबसे तेज 500 रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने इतिहास रच दिया. वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवी बार उन्होंने 50 से अधिक रन बनाए. वह दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक जड़ा है. प्रतिका ने वनडे में 500 रन पूरे कर भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया.

प्रतिका रावल ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की. मंधाना 54 गेंदों में 36 रन बनाकर एनेरी डर्कसेन की गेंद पर कैच आउट हुई. प्रतिका रावल ने अपने वनडे करियर के 500 रन पूरे कर इतिहास रच दिया.

विमेंस क्रिकेट में सबसे तेज 500 वनडे रन

प्रतिका रावल ने इस शानदार पारी में अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 500 रन भी पूरे किए. वह सबसे तेज 500 वनडे रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं. इस त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भी प्रतिका ने 62 गेंदों में नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया था. उस मैच में भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की थी. प्रतिका ने 8 पारियों में 500 वनडे रन पूरे किए हैं. साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रतिका रावल ने 91 गेंदों में 78 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 1 छक्का और 7 चौके जड़े. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ मिलकर 68 रनों की साझेदारी की. उन्हें नॉनकुलुलेको म्लाबा ने बोल्ड किया.

आयरलैंड के खिलाफ खेली थी 154 रनों की पारी

इस त्रिकोणीय सीरीज से पहले उन्होंने तीनों अर्धशतक आयरलैंड के खिलाफ राजकोट के मैदान पर ही लगाए थे. प्रतिका रावल ने आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ 15 जनवरी 2025 को 154 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली थी. उससे पहले दो मैचों में उन्होंने क्रमश 89 और 67 रन बनाए थे.भारत, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच त्रिकोणीय सीरीज27 अप्रैल से शुरू हुई इस त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मैच 11 मई को खेला जाएगा. सभी टीमें अन्य 2 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी. सभी मुकाबलों के बाद जो टीमें टॉप 2 में रहेंगी, उनकी बीच खिताबी भिड़ंत होगी.

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था।

भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन

अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश :**भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे। श्रीजेश टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतनी वाली हॉकी टीम की हिस्सा थे।

## अश्विन ने खोला वो राज जिसे जानने के लिए सब थे बेताब

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर क्यों अचानक लिया था रिटायरमेंट का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन को सोमवार को पद्म श्री अवॉर्ड से नवाजा गया। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने खुलासा किया कि वो बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते थे। उन्होंने इस मैच में शतक लगाया था और 6 विकेट लिए थे। वहीं अश्विन ने इस साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अचानक से रिटायरमेंट का ऐलान करके हुए सबको चौंका दिया था। वो टेस्ट सीरीज के बीच में से ही भारत वापस आ गए थे और फिर इस वक्त वो आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए खेल रहे हैं। अश्विन ने पहले खुलासा किया था कि रिटायरमेंट के बारे में उनके दिमाग में दो बार विचार आया था जिसमें एक बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान और फिर एक साल बाद जब भारत ने इंग्लैंड को हराया था।

## सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का किया चयन; कोहली, रोहित, रैना, धोनी नहीं इन्हें रखा पहले नंबर पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बल्लेबाजों का चयन किया। कमाल की बात ये है कि इस लिस्ट में उन्होंने खुद को भी शामिल किया साथ ही इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली या फिर रोहित शर्मा, एमएस धोनी, सुरेश रैना को नहीं इस खिलाड़ी को उन्होंने पहले स्थान पर रखा।

वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का चयन किया और उन्होंने इस लिस्ट में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर को रखा। तेंदुलकर ने इस लीग में साल 2008 से लेकर 2013 तक मुंबई इंडियंस के लिए खेला। इस अवधि के दौरान उन्होंने 78 मैच मुंबई के लिए खेले और इसमें उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतक समेत 2334 रन बनाए। सचिन का औसत इन मैचों में 34.84 का रहा जबकि उनका स्ट्राइक रेट 119.82 का रहा। सचिन का आईपीएल में बेस्ट स्कोर नाबाद 100 रन था।

सहवाग ने अपनी लिस्ट में विराट कोहली को दूसरे नंबर पर रखा जो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं और वो इस लीग में आरसीबी का प्रतिनिधित्व डेब्यू सीजन से लेकर अब तक कर रहे हैं। सहवाग की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मुंबई को 5 बार चैंपियन बनाने वाले इस टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं जबकि मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को उन्होंने चौथे स्थान पर जगह दी।

सहवाग की लिस्ट में पांचवें नंबर पर एमएस धोनी हैं जो इस लीग से सबसे सफल विकेटकीपर हैं साथ ही सीएसके के लिए वो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी हैं। छठे स्थान पर उन्होंने पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन को रखा जो इस लीग में कई टीमों के लिए खेले थे और कप्तानी भी की थी। वहीं सातवें नंबर पर उन्होंने केकेआर के दो बार चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर को जगह दी। सहवाग ने खुद को लिस्ट में 8वें नंबर पर रखा जबकि नौवें स्थान पर उन्होंने केएल राहुल को रखा। सहवाग ने इस सूची में 10वें नंबर पर युसूफ पठान को रखा।

**सहवाग ने चुने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बल्लेबाज**

- सचिन तेंदुलकर
- विराट कोहली
- रोहित शर्मा
- सुरेश रैना
- एमएस धोनी
- शिखर धवन
- गौतम गंभीर
- वीरेंद्र सहवाग
- केएल राहुल
- यूसुफ पठान

## आईपीएल 2025:वैभव बने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतकवीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को अगर छोटा पैकेट बड़ा धमाका कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार शाम को खेले गए मैच में सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया। 14 साल की उम्र में वैभव ने महज 35 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया। आइए, जानते हैं वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कौन-कौन से कीर्तिमान को ध्वस्त किया। दरअसल, वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

उनसे पहले ये कारनामा राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए युसूफ पठान ने किया था, जिन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया था। हालांकि, वैभव ने युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए महज 35 गेंदों में ही ये कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव के आगे अब सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 30 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा, वैभव ने टी20 में सबसे कम उम्र के शतकवीर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है।

इतना ही नहीं, अनकैप्ड बल्लेबाज की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी वैभव पहले नंबर पर हैं। उन्होंने प्रियांश आर्य के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने इसी सीजन में 39 गेंद पर शतक लगाया था। वैभव ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले युवा बल्लेबाज का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वैभव ने महज 17 गेंदों पर 50 रन बनाए हैं। साथ ही 14 साल के वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। वैभव सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 101 रनों की पारी में 11 छक्के लगाए। साथ ही वह एक आईपीएल पारी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। पिछले साल, वैभव आईपीएल नीलामी में खरीदे जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे, जब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## सचिन तेंदुलकर ने बताई वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बैटिंग की रेसिपी, बेजोड़ खेल में इन 4 चीजों का दिखा मेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 47वें मैच में जयपुर में रनों की बारिश देखने को मिली. राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़कर गुजरात टाइटंस के बड़े स्कोर को बौना साबित कर दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 209 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 25 गेंद शेष रहते 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया. इस मैच के हीरो रहे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी. जिन्होंने तूफानी शतक लगाकर गुजरात टाइटंस को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. वैभव की इस शानदार पारी की तरीफ मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदलुकर ने भी की. महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर खुद को वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करने से नहीं रोक पाए. उन्होंने वैभव की पारी का वीडियो शेयर करते सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर लिखा, वैभव की निडर अप्रोच, बैट स्पीड, गेंद की लेंथ को जल्दी समझना और बॉल की एनर्जी को ट्रांसफर करने की काबिलियत उनकी इस शानदार पारी का राज है. अंत में नतीजा 38 गेंदों पर 101 रन, बहुत बढ़िया खेल.

## श्रेयस, सूर्यकुमार, पृथ्वी शॉ, शार्दुल, सरफराज, रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को मिला आइकन प्लेयर का दर्जा







**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 26 मई से शुरू हो रहे टी20 मुंबई लीग 2025 सीजन के लिए आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट का ऐलान किया जिसमें भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को रखा गया। टी20 मुंबई लीग की वापसी 6 साल के बाद हो रही है और ये आईपीएल 2025 के तुरंत बाद खेली जाएगी। इस लीग का समापन 8 मई को होगा। इस लीग के आइकन खिलाड़ियों की सूची में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे के अलावा सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे को रखा है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें 8 आइकन खिलाड़ियों के नाम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से मुंबई को बहुत गौरव दिलाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना और विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके इस लीग में शामिल होने से ना सिर्फ उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी बल्कि उनके लिए एक सीखने का अवसर भी होगा क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोज के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग में इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से इसका कद भी बढ़ेगा और प्रशंसकों को एक रोमांचक और यादगार अनुभव मिलेगा।मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने अपने सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए टी20 मुंबई लीग में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। एमसीए ने हाल ही में भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को अपने लीग का फेस घोषित किया था। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई के लिए खेलने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों को सूचित कर दिया गया है कि उन्हें टी20 मुंबई लीग में खेलना होगा, जो आईपीएल के बाद शुरू होगी। यह अनिवार्य है जब तक कि भारत के लिए प्रतिबद्ध या चोटिल खिलाड़ी इसे छोड़ न दें।